खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 309 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 16 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला पेज 2



अनन्या व दिव्यांशी ने अंडर-15 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता खेल टाइम्स



रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना! सम्पादकीय



गाजा में इजरायली सेना का हमला 50 लोगों की मौत पेज 12

## एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कुलपति पद के लिए नामों चुनाव करने कार्यकारिणी परिषद में तत्कालीन एएमयू कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ की अध्यक्षता और भागीदारी अनुचित थी।

## प्रख्यात पत्रकार व संपादक संकर्षण ठाकुर नहीं रहे

**नई दिल्ली।** प्रख्यात पत्रकार और संपादक संकर्षण ठाकुर का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर 'द ब्रदर्स बिहारी' के नाम से पुस्तक लिखने वाले दिवंगत ठाकुर अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक अंतर्दृष्टि और विचारोत्तेजक लेखन के लिए जाने जाने जाते थे। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में राष्ट्रीय मामलों के संपादक के रूप में कार्य किया और 2023 में इसके संपादक नियुक्त किए गए।

## एनआईए ने पांच राज्यों के 22 स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और अन्य पांच राज्यों में आतंकवाद के वित्तपोषण मामले की चल रही जांच के तहत छापेमारी की है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एनआईए ने कहा कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 22 ठिकानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में आठ, जम्मू कश्मीर में नौ, उत्तर प्रदेश में दो और कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी चल रही है।

## भारत बनाएगा अमेरिका- रूस व इजरायल जैसी स्पेशल फोर्स

**नई दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं, तो उनके खिलाफ क्या होगा?

# नेताओं को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए।

राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने भी याचिका खारिज कर दी।

### ऑनलाइन गेमिंग की अगली चाल अब सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर केंद्र की एक बड़ी मांग मान ली है। जिसके बाद अब ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। केंद्र ने इस अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट्स में लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, नागरिकता के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

■ मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ भाजपा की याचिका खारिज

# योगी ने पंजाब समेत 3 राज्यों को राहत सामग्री भेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उप्र सरकार की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ की धनराशि भेजी।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के आह्वान के साथ खड़ी है, उत्तर प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों और किसानों को भी तत्काल सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को 12 घंटे के शोर्ट नोटिस पर सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री के वाहनों को बाढ़ एवं आपदा -शेष पृष्ठ दो पर

# नेपाल में लोकतंत्र धराशायी

## हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सेना ने की फायरिंग, 20 की मौत

**काठमांडू, पोखरा सहित कई शहरों में कर्फ्यू**

**सोशल मीडिया फिर शुरू, बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा सुबह संसद में घुसे थे, सेना की फायरिंग में करीब 200 लोग घायल भी हुए**

**संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम आवास के पास के इलाकों में भी कर्फ्यू, तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी**

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई 18 से 30 साल के युवाओं ने की।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। सोमवार को नेपाल के संसद भवन के बाहर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नेपाल सरकार ने 3 सितम्बर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितम्बर को खत्म हो गई। युवाओं ने अन्य लोगों से भी आंदोलन में जुड़ने की अपील की है। इसके लिए क्यूआर कोड वाले बैनर भी बनाए गए हैं। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं और प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हैं। कई जगह पर प्रदर्शनकारियों ने सेना पर पथराव किया है। नेपाल में सोशल मीडिया फिर से शुरू हो गया है। नेपाल में दोपहर 3:15 बजे के बाद बिना वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर




### उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती है। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। मंगलवार को शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी।

### लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य व राज्यसभा के 239 मौजूदा सदस्य ही डाल सकेंगे वोट



■ किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी

### बीआरएस व बीजू जनता दल उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेगी। बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी ने कहा कि बीआरएस ने मतदान में हिस्सा लेने और नहीं लेने को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया है कि पार्टी के सांसद मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया है। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने यहां पत्रकारों से कहा कि बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड, लोहे का ढांचा क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से सोमवार को 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं।

■ पंजाब में 296.4 एमएम ज्यादा बारिश, हिमाचल में 824 सड़कें बंद

## कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है।

# मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गई सभी चिंताओं का जवाब दिया है।

हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इन्कार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं। चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उसका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर डाक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध किया है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवम्बर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी। चोकसी मई 2021 में एंटीगुआ से पड़ोसी देश डोमिनिका पहुंच गया था। वहां उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही केन्द्रीय जांच ब्यूरो की टीम उसके प्रत्यर्पण के लिए डोमिनिका पहुंच गई, लेकिन इसके पहले ही उसे एक बार फिर एंटीगुआ के हवाले कर दिया गया।



■ गृह मंत्रालय ने दिया भारत की ओर से बेल्जियम सरकार को मानवीय व्यवहार का आश्वासन

# ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर सोनिया गांधी ने जताया विरोध

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा।

श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिये केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फ़ैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है। श्रीमती गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं। इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है।

■ कहा: आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### हजरतबल में राष्ट्रीय प्रतीक के दुरुपयोग पर जांच की मांग की

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां हजरत बल दरगाह की उद्घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल को कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हुए इसके दुरुपयोग की जांच की मांग की है। नेशनल कांफ्रेंस प्रवक्ता एवं विधायक तनवीर सादिक ने पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुला की 43वीं पुण्यतिथि के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा कि हमने पहले ही हजरतबल में हुए हिसा की आलोचना की है। हिंसा किसी भी सवाल का जवाब नहीं हो सकता, मुद्दों को बातचित से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने इस विवाद में पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी और लोगों को हिरासत में लिए जाने को गलत कदम बताते हुए अधिकारियों से आग्रह किया कि मामले को बल प्रयोग के बजाय संवेदनशीलता के साथ संभाला जाना चाहिए।

### भाजपा सांसद की बहन से मारपीट ससुरालीजन गिरफ्तार

**कासगंज।** फर्रुखाबाद के भारतीय जनता पार्टी सांसद मुकेश राजपूत की बहन के साथ कासगंज मे मारपीट करने वाले उसके ससुर लक्ष्मण और देवर राजेश को सहावर थाना पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य देवर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। राजपूत की बहन रीना के साथ उसके ससुर लक्ष्मण व देवर राजेश व गिरीश का लाठी डंडों से पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित बहू ने नहाते वक्त ससुर लक्ष्मण और देवर गिरीश पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर मारपीट कर गई थी। पीड़ित का विवाह 17 वर्ष पूर्व सहावर के रानीअवन्ती बाई नगर में रविन्द्र से हुआ था।

### निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उप्र की नई तस्वीर: योगी

# पहले एक ही परिवार पैसा लेकर करता था नियुक्तियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज 'नए उप्र' की नई तस्वीर है। पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र की जनता को लूटते थे। जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे 'महाभारत के रिश्ते' बाकी का



■ मुख्यमंत्री ने यूपीएसएससी द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरित किए

जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है। हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सभी नवचयनित युवाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उप्र आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' की सुविधा का लाभ लिया है। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपए रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं।

### योगी ने दिए विवि व महाविद्यालयों के जांच का आदेश

**लखनऊ।** बीते दिनों बाराबंकी में छात्रों के साथ हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की मान्यता के जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान मान्यता व प्रवेश को शामिल किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक जिले में एक विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश सभी मंडलायुक्तों को दिए गए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री स्तर पर जारी आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की सघन जांच के लिए मण्डलायुक्तों को प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग जांच टीम गठित करनी होगी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं मंडलायुक्त करेंगे। जांच टीम में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एक पुलिस अधिकारी वह एक शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

# एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु

लखनऊ, वार्ता

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के मंगलवार को होने वाले दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे।

समारोह के दौरान सुभांशु को डी लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। सोमवार को विवि के रज्जू भैया सभागार में दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे। इस बार समझ के दौरान कुल 88



पदक दिए जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक 26 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक मेधावियों को दिए जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार 6 श्रेणियां में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवॉर्ड वूमेन लीड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इंपैक्ट

# आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन पर शहरी निकाय पुरस्कृत होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और एनजीओ को पुरस्कृत करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए 'उपयुक्त भोजन स्थलों' की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितम्बर को जारी इस कदम का उद्देश्य एबीसी कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी

■ उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्एक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए, ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करना है। उप्र पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा कि करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है। वैज्ञानिक और विचारशील नीतियों के माध्यम से लोगों और पशुओं, दोनों की रक्षा करके, उप्र यह दर्शाता है कि प्रगति केवल बुनियादी ढांचे और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस सम्मान से मापी जाती है, जिसके साथ हम अपने बीच सबसे कमज़ोर लोगों के साथ व्यवहार करते हैं।

### दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाला गिरोह बेनकाब

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली की विशेष अन्वेषण टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चों के अपहरण और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल आगरा के एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सराय काले खां बस अड्डे से अगवा किए गए छह महीने के बच्चे को मात्र 48 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर लिया। इसके अलावा गिरोह द्वारा तस्करी किए गए पांच अन्य बच्चों को भी विभिन्न स्थानों से ढूंढकर बचाया गया है। दक्षिण-पूर्व ज़िले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि 22 अगस्त को बान्दा, उत्तर प्रदेश निवासी शिकायतकर्ता सुरेश अपने परिवार के साथ आईएसबीटी सराय काले खां पहुंचे थे।

# भवन के निर्माण से पूर्व डिजाइन पर गंभीरता से काम करें: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि किसी भी भवन के निर्माण से पूर्व उसकी डिजाइन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भवन की उपयोगिता के अनुसार ही उसकी रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए, ताकि उस भवन का वास्तविक लाभ मिल सके।

श्रीमती पटेल ने सोमवार को राजभवन का सभागार में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित सात निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डिजाइन बनाते समय दीर्घकालिक उपयोग को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, साथ ही बचत पर जोर देना चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना



चाहिए। राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही सुंदर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन की नींव (फाउंडेशन) मजबूत होने पर ही वह लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। इसलिए निर्माण कार्यों में उत्तम गुणवत्ता के पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग ने समय और लागत का ध्यान रखते हुए टिकाऊ निर्माण कार्य किए हैं, यह अनुकरणीय है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं और वह सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो उससे संतोष की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने खुले और हवा में लटकते विद्युत तारों पर चिता व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें अब अंडरग्राउंड करना चाहिए, ताकि लंबे समय तक सुरक्षित उपयोग हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि असामान्य परिस्थितियों में भी टिकाऊ और उपयोगी निर्माण की आदत विकसित करनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि राजभवन में हुए सभी निर्माण कार्यों के डिजाइन सुरक्षित रखे जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विस्तार या नए कार्य की आवश्यकता होने पर समय की बचत हो और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।



सेंसेक्स 80787.30
निफ्टी 24773.15



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# ऑटो कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

जीएसटी सुधारों के बाद ऑटो कंपनियों में जारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 76.54 अंक (0.09 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.15 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त में 24,773.15 अंक पर रहा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से मंजूर बदलावों में वाहनों पर कर और उपकर की दरों में अच्छी खासी कटौती की गई है। इससे सेक्टर को लेकर निवेशकों की धारणा लगातार मजबूत बनी हुई है। शेयर बाजार की तेजी में सबसे ज्यादा योगदान वाहन निर्माता कंपनियों का ही रहा। इसके अलावा, त्योहारी सीजन में वाहन ऋण की मांग बढ़ने की उम्मीद में बैंकों के



शेयरों में भी तेजी देखी गयी। एनएसई में अशोक लेलैंड का शेयर 5.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 4.25 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 4.08 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 4.01 प्रतिशत बढ़ा।

टीवीएस मोटर के शेयर में 3.12 फीसदी और मारुति सुजुकी में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी 1.43 फीसदी चढ़ा। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर सेंसेक्स 193.64 अंक की तेजी के साथ 80,904.40 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 81,171.38 अंक और निचला स्तर 80,733.07 अंक रहा। इसी प्रकार निफ्टी-50 भी 61.60 अंक चढ़कर 24,802.60 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,885.50 अंक और नीचे 24,751.55 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.16 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। ऑटो कंपनियों के अलावा अडानी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और इटरनल के शेयरों में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर 1.90 फीसदी, एचसीएल टेक का 1.21 और टेक महिंद्रा का 1.13 फीसदी लुढ़क गया। एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड, सनफार्मा, एनटीपीसी और इंफोसिस में भी आधी फीसदी से अधिक की गिरावट रही।

### अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

**नई दिल्ली।** त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गयी और कुल 13,73,775 वाहन बिके। वाहनों की कुल बिक्री 2.84 फीसदी बढ़कर 19,64,547 इकाई रही। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विघ्नेश्वर बताया कि 15 अगस्त को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खरीद टाल दी। हालांकि डीलरों के पास पूछताछ काफी आयी, लेकिन वह बिक्री में पूरी तरह से नहीं बदल सकी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 22 सितम्बर को जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक खरीद करेंगे।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी-दालों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखी गयी। दालों और चीनी के भाव में तेजी रही।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवम्बर वायदा 40 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,488 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.92 प्रतिशत चढ़कर 51.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 121 रुपए बढ़कर 3,833.95 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 10 रुपए सस्ता हुआ और 2,849.18 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए टूटकर 3,306.23 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल औसतन 45 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 56 रुपए और वनस्पति में 70 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी उतरने से सोया तेल में 129 रुपए, पाम ऑयल 107 रुपए और सूरजमुखी तेल 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 224 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 119 रुपए और मसूर दाल 155 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत में 97 रुपए और उड़द दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत 82 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7958.04 रुपए, मसूर काली 8159.19 रुपए, मूंग दाल 10078.94 रुपए, उड़द दाल 10438.93 रुपए, अरहर दाल 10663.43 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी ने...** प्रभावित तीन पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह भी घोषणा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपनी 25 करोड़ जनता की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को राहत कोष में पांच-पांच करोड़ धनराशि भी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्री बृजेश सिंह उत्तराखंड के लिए और राज्य मंत्री जसवंत सिंह हिमाचल प्रदेश के लिए और सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुंबर पंजाब के लिए राहत सामग्री और पांच-पांच करोड़ की धनराशि का चैक के साथ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इन तीनों राज्यों की आपदा पीड़ित जनता के साथ खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आह्वान को साकार करने में जी-जान से संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर विभीषा आई। हमारी गहरी संवेदनाएं तीनों राज्यों के पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि हमने बाढ़ और भारी वर्षा से होने वाली आपदाओं से बचाव को व्यापक स्तर पर ऐहतियाती कदम उठाए थे, जिससे प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिली। राज्य सरकार भारी बारिश से खेतों में हुए जलभराव के कारण हुए नुकसान की पड़ताल करा रही है और रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नेपाल में....** प्लेटफॉर्म चल रहे हैं। नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 7 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना ये प्लेटफॉर्म्स देश में फेक आई, हेट स्पीच, साइबर क्राइम और गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सरकार ने 4 सितम्बर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सअप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म थे। टिकटॉक, वाइबर जैसे प्लेटफॉर्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करा लिया था। नियमों के मुताबिक हर कंपनी को नेपाल में लोकल ऑफिस रखना, गलत कंटेंट हटाने के लिए लोकल अधिकारी नियुक्त करना और कानूनी नोटिसों का जवाब देना जरूरी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार के साथ यूजर डेटा शेयर करने के नियम भी मानना जरूरी कर दिया गया। कंपनियों को डेटा-प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में ये शर्तें बहुत सख्त लग रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत या यूरोप जैसे बड़े देशों में कंपनियां लोकल प्रतिनिधि रख लेती हैं, क्योंकि वहां यूजर बहुत ज्यादा हैं। लेकिन नेपाल का यूजर बेस छोटा है, इसलिए कंपनियों को यह बेहद खर्चीला लगा। अगर कंपनियां नेपाली सरकार की यह शर्त मान लेती हैं, तो उन पर अन्य छोटे देशों में भी इन नियमों को पालन करने का दबाव पड़ता, जो काफी खर्चीला है। यही वजह रही कि पश्चिमी कंपनियों ने नेपाल सरकार की शर्त नहीं मानी और तय समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सरकार से 18 से 30 साल के युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। पूर्व पीएम ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदारी से ठोस कदम उठाने चाहिए। संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता प्रचंड ने पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि भी दी। नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने कहा कि सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, ढैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




CMYK

# निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा

# देवभूमि उत्तराखण्ड

## सतत् विकास को गति

उत्तराखण्ड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कुल 1312.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू और ग्राउंडिंग

**ऊर्जा** - कुल 1,03,459 करोड़ के 157 एमओयू (रोजगार 8,472) में ग्राउंडिंग 40341 करोड़ रुपए

**उद्योग** - कुल 78,448 करोड़ के 658 एमओयू, (रोजगार 44,663) में ग्राउंडिंग 34086 करोड़ रुपए

**आवास** - कुल 41,947 करोड़ के 125 एमओयू, (रोजगार 5,172) में ग्राउंडिंग 10055 करोड़ रुपए

**पर्यटन** - कुल 47,646 करोड़ के 437 एमओयू, (रोजगार 4694) में ग्राउंडिंग 8635 करोड़ रुपए




## उत्तराखण्ड निवेश उत्सव - 2025
## ₹1 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग

**उच्च शिक्षा** - कुल 6,675 करोड़ के 28 एमओयू, (रोजगार 4428) में ग्राउंडिंग 5116 करोड़ रुपए

**अन्य**- कुल 79,518 करोड़ के 374 एमओयू, (रोजगार 13898) में ग्राउंडिंग 3292 करोड़ रुपए।



"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। यह हमारी सरकार की विकास और रोजगार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं सभी निवेशकों और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। यह निवेश उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



"मैं उत्तराखण्ड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत् विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# आयुष नीति 2023 स्वास्थ्य और पर्यटन का समग्र विकास



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन के अनुरूप आयुष नीति 2023 का लक्ष्य उत्तराखण्ड को समग्र स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करना है।**

उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और हिमालयी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह योग और प्राकृतिक उपचार के केंद्र के रूप में भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। आयुष नीति 2023 इस विरासत को आगे बढ़ाती है, ग्रामीण और शहरी दोनों स्थानों पर आयुष वेलनेस सेंटर, रिट्रीट और थेरेपी हब के निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य को एक समग्र वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की सुविधा प्रदान करती है।

नीति का एक मूलभूत उद्देश्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

इसमें विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर एकीकृत आयुष अस्पताल और पंचकर्म केंद्र स्थापित करना शामिल है। साथ ही, यह नीति स्वास्थ्य पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने और प्रबंधित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे गुणवत्ता, मापनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित करना चाहती है, जिससे नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और यहां आने वाले यात्रियों के अनुभव में भी सुधार होगा।**

यह नीति आयुष प्रथाओं में अनुसंधान और मानकीकरण का समर्थन करती है, जिससे वैश्विक ग्राहकों में भरोसे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार आयुष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कंपेन, यात्रा एजेंसियों, वेलनेस रिसॉर्ट्स व अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सहभागिताओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। आयुष सेवाओं को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे इन सेवाओं की सुलभता बढ़े और वेलनेस पैकेजों की बुकिंग प्रक्रिया सरल हो सके।

आयुष नीति 2023 उत्तराखण्ड को समग्र उपचार और सतत् पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित है। यह नीति राज्य को न केवल प्राकृतिक स्वास्थ्य साधनाओं के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में स्थापित करती है, बल्कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पर्यटन के साथ जोड़ने की दिशा में एक मानक भी स्थापित करती है। इसके माध्यम से राज्य आर्थिक समृद्धि एवं सतत् विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
#udyoguttarakhand

# उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखण्ड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पंसदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है।**

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीतिः** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

**हाउस ऑफ हिमालयाजः** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।




देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखण्ड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



इंवेस्टर्स समिट

## उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025 बड़े निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**

उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पंसदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50 200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय करी गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किश्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।



## उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023

### नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 रुपये का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है। वहीं 10 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिज़ाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्ष की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोज़गार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों। इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर ज़िले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व शिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह नीति उत्तराखण्ड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रूप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

# उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023: सतत् विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप

**उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत् और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**



उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओसी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।

### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केन्द्रित है।

नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलटीसी) गठित की गई हैं।

- सिंगल विंडो पोर्टल
- ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस
- हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस
- योग एवं वेलनेस सेंटर
- साहसिक पर्यटन
- रोपवे और ईको-लॉज
- एडवेंचर और हेरिटेज
- ग्रामीण पर्यटन

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विरासत भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि

- **एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)**
- **भूमि पट्टे और मॉर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट**
- **नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट**
- **ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन**
- **देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन**

पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

# बरसात से खराब हुई फसलों का मिले मुआवजा

## भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं का शोषण किये जाने का आरोप लगाते हुए बारिश से हुई बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक पंचायत का आयोजन नौगांवा सादात तहसील में किया गया। उसके बाद एसडीम को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि गन्ने की खेती में लगातार बढ़ रही लागत को देखते हुए गन्ने का रेट 500 प्रति कुंतल घोषित किया जाये। किसानों व ग्रामीणों का आवारा पशुओं द्वारा नुकसान किया जा रहा है।इसके लिए ठोस कदम उठाये जाये। क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिससे फसले और घर दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इस पर नियंत्रण किया जाये। उन्होंने कहा कि सड़कों व रास्तों के दोनों और घने जंगल व कीचड़ को साफ कराया जाये। अमरोहा क्षेत्र में नरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। लोग बिना काम किए हुए ही पैसा ले रहे हैं। इसकी तुरंत जांच कराई जाये। ज्ञापन देने वालों में जसवंत सिंह मुशाहिद हुसैन सुरेंद्र सिंह अशोक कुमार संजीव सैनी मुकेश त्यागी अन्न त्यागी नरेंद्र सिंह राजपाल रामपाल सिंह शब्बीर अब्बासी सुभाष चंद्र यादव चंद्रपाल सिंह चौहान आदि मौजूद थे।



## खुदरा व्यापार के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंडस एडुट्रेन प्राइवेट लिमिटेड के राज्य समन्वयक इमरान खान के नेतृत्व में कक्षा 09, 10 व 11 की छात्राओं को नेहा मैमोरियल इण्टर कॉलेज अफजलपुर लूट से आमंत्रित शिक्षक मनोज कुमार ने ग्राहकों की संतुष्टि, खुदरा व्यापार के कौशल के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर वोकेशनल ट्रेनर विजयपाल सिंह, प्रधानाचार्या नीतू सिंह, माधूरी सिंह, सीमा रानी, अनुराधा, विजयलक्ष्मी, सोनम, राघवा खानम आदि मौजूद रहे।

# दस सेंटीमीटर घटा गंगा का जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा के जलस्तर में सोमवार को दस सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई, वहीं बिजनौर बैराज से छोड़ा गया पानी भी और दिनों की अपेक्षा कम रहा। यदि लगातार पानी घटता रहा तब जाकर बाढ़ ग्रस्त गांवो में भरा पानी उतरेगा, क्योंकि अभी तो बाढ़ ग्रस्त गांवो के हालात दुश्वारियों से भरे हैं। सम्पर्क मार्ग भी कटे हैं और नाव से ही जोखिम उठाकर लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है।

बता दें कि रविवार को गंगा का जलस्तर 200.50 मीटर गेज पर था, जो कि सोमवार को घटकर 200.40 मीटर पर रह गया है। बैराज से 78456 क्युसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है जो कि और दिनों की अपेक्षा काफी कम है। उम्मीद है कि यदि जलस्तर घटने का सिलसिला कुछ दिन लगातार चलता रहे तो खादर के गजरौला, धनौरा व हसनपुर क्षेत्र के करीब तीस गांवो के लोगों को बाढ़ से राहत मिले। क्योंकि अभी तो बाढ़ का पानी गांवो में भरा हुआ है। किसानों की फसलें गलकर तबाह हो चुकी हैं तो वहीं कई सम्पर्क मार्ग भी कट गए हैं। मवेशियों के लिये भी चारे की समस्या है तो वहीं लोग भी अपनी छतों पर तिरपाल आदि लगाकर ही जीवन यापन कर रहे हैं क्योंकि घरों में पानी भरा है। संक्रामक रोगों का भी खतरा है।

## पंजाब के लिए भेजी आर्थिक मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पंजाब में आई बाढ़ के बाद भारी तबाही हुई है। जिसके बाद देश भर से मदद व सहयोग पंजाब के लिये भेजा जा रहा है। इसी क्रम में गजरौला ब्लॉक के गांव सलारपुर वासियों ने एक लाख 37 हजार की धनराशि एकत्र किए और रविवार की रात को पंजाब के लिए प्रस्थान कर गए। युवा जितेंद्र सिंह ने बताया ग्रामीणों ने बाढ़ से प्रभावित किसानों के सहयोग के लिये बढ़ चढ़कर सहयोग दिया है। इस समय पंजाब के साथ स्थिति विपरीत है इसलिए पूरे देश को आगे आना चाहिए। इस मौके पर हर्ष सिद्धू, बलविंदर, विशाल, ऋषित सिद्धू, लविइत, प्रीत, पंचम, नवी आदि मौजूद रहे।

# जिसका युवा शिक्षित होगा, उस देश के विकसित होने की राह आसान

## श्री वेंक्टेश्वरा विवि में साक्षरता जागरूकता पखवाड़ा प्रारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में 'अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के उपलक्ष्य में साक्षरता वृद्धि में डिजीटल एजूकेशन का महत्व विषय पर संगोष्ठी एवं 'साक्षरता जागरूकता पखवाड़ा' 2025 का शानदार आयोजन किया गया। इसके अर्न्तगत के तहत संस्थान प्रबन्धन/प्रशासन के 15 शिक्षकों के नेतृत्व में 150 सदस्यीय छात्र-छात्राओ के दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, जापान, कनाडा में नहीं पूरे वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालिये, जिस देश का युवा शिक्षित होगा एवं तकनीकी रूप से सक्षम होगा, उस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। संविधान निर्माता भारत बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने भी कहा था कि, शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पियेगा वही दहाडेगा। यदि हमे सच में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो इसे पहले शतप्रतिशत शिक्षित राष्ट्र बनाना होगा। राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने कहा कि आज क्वालिटी एजूकेशन एवं नवाचारो के दम पर भारत फिर से विश्व गुरू बनने चला है। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो0पीयूष पाण्डेय, डॉ0राजेश सिंह, डॉ0मनीष शर्मा, डॉ0 ज्योति सिंह, डॉ0 मंजरी राणा, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आमिर बने सपा युवजन सभा के नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के कैंप कार्यालय पर आमिर मंसूरी को समाजवादी युवजन सभा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सपा नेताओं ने बताया कि आमिर मंसूरी ऊर्जावान संघर्षित कार्यकर्ता है। विश्वास जताया कि आमिर मंसूरी युवाओं की आवाज बुलंद करने और समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर यूसुफ कुरैशी, इंशाल्लाह चौधरी, जैनल मंसूरी, गुड्डू प्रधान, अंशु त्यागी, सलीम चौधरी, समीर चौधरी एडवोकेट, मुन्तजिम कुरैशी, सिद्धू त्यागी, छोटू त्यागी, नाजिम खान, जियाउल अंसारी मौजूद थे।

### उधार के पैसे मांगने पर युवती को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भाई के साथ उसके उधार के पैसे मांगने गई युवती के साथ मारपीट करते हुए उसे चोटिल कर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। नगर के मोहल्ला लालबाग ऊँचा निवासी सुहैल के पड़ोसी पर सिलाई के 16500 उधार थे। रविवार की रात सुहैल अपनी बहन आशी फरहा को साथ लेकर उधार के पैसे लेने के लिए गया था। आरोप है कि आरोपी ने भाई बहन को देखते ही उनके साथ गाली गलोंच करनी शुरू कर दी। जब भाई बहन ने गाली दिये जाने का विरोध किया तो दबंग आरोपी ने आशी फरहा को धक्का देते हुए नीचे गिराकर उसे चोटिल कर दिया। उसके बाद पीड़ित युवती कोतवाली पहुंची तथा पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### शिक्षक की मौत पर शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कुंदन इंटर कालेज में प्रवक्ता रहे शिक्षक अरविंद शर्मा का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। रविवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार ब्रजघाट पर कर दिया गया। उनके निधन पर शिक्षकों ने आवास पहुँच कर शोक प्रकट किया। कस्बे के मोहल्ला मुंशीयान निवासी अरविंद शर्मा कुंदन कालिज अमरोहा में प्रवक्ता थे। फिलहाल वह आवास विकास अमरोहा में रहते थे वह माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के सक्रिय सदस्य थे। शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल में ले कर गए जहां से उन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया जहां हालात ज्यादा बिगड़ती गयी रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। पत्नी लता शर्मा के अलावा एक बेटा एक बेटी है। रविवार दोपहर ब्रजघाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने आवास पर पहुँच कर परिवार को ढांढस बंधाया

### परचून दुकान से हजारों की नकदी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** नगर के मोहल्ला मायापुरी में एक परचून की दूकान में कूमल लगाकर चोरों ने नकदी सहित हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गयी है। नगर के घटना फाजलपुर फाटक से मंडी समिति की तरफ को जाने वाले मार्ग पर दीपक कुमार की परचून की दुकान पर है। बीती रात चोरों ने यहाँ कूमल लगाकर नकदी सहित हजारों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गयी है। वहीं बता दें कि नगर में पहले हुयी चोरियों का भी अभी खुलासा नहीं हो सका है। कस्बा प्रभारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस चोरियों के खुलासे के लिए प्रयासरत है।

### रामलीला ग्राउंड की सफाई कराई जाए



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** 22 सितम्बर से कस्बे में शुरू हो रही रामलीला के ग्राउंड में सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को कमेटी के सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौपा ओर समय से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की। कस्बे में इकोदा रोड पर 22 सितंवर से शुरू हो रही रामलीला के ग्राउंड की सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के पदधिकारियो ने नगर पंचायत अध्यक्ष जुबैर अहमद व अधिशाषी अधिकारी विपिन सेंगर को ज्ञापन सौपा रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू ने बताया 19 सितंवर को भूमि पूजन व 22 सितंबर को श्री धार्मिक रामलीला का उद्घाटन होगा राम बारात 26 सितंबर व रावण दहन 3 अक्टूबर को होगा कमेटी के पदाधिकारियों ने समय से पहले ग्राउंड की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू विजय पांडेय राकेश त्यागी विपिन गुप्ता अजय कुमार गुप्ता विनीत गुप्ता राजू चौधरी संजीव तोमर बबलू गुप्ता शिवम गुप्ता सुनील गुप्ता सोमपाल सिंह नरेश सैनी आदि मौजूद थे

# संकुल स्तरीय खो-खो में नेहा की टीम विजयी

## चार स्कूलों की बालिकाएं रहीं शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नेहा मेमोरियल इंटर कॉलेज अफजलपुर लूट में संकुल स्तरीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता में नेहा कॉलेज की टीम सहित कमलेश गिल इंटर कॉलेज, शिव इंटर कॉलेज, निशा मॉडल के बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें नेहा मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। छात्रा दीक्षा, पल्लवी, सिधी, जीवा, गीतांजली, सोफिया, खुशी, कनक, सना, कृतिका अवनी, आराध्या आदि का चयन जिला स्तर प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ योगेन्द्र सिंह ने किया और सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर स्कूल व्यायाम शिक्षक संदीप कुमार, जितेन्द्र सिंह, हुकम सिंह, वेदप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की एक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अशोक अधाना ने कहा कि 03 अक्तूबर को भारत की मिट्टी भारत स्वाभिमान यात्रा दिल्ली के जंतर मंतर से प्रारंभ होकर अमरोहा जनपद सहित विभिन्न जनपदों से होते हुए 13 सितम्बर को लखनऊ पहुंचेगी और मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया जाएगा। उन्होंने इस यात्रा में क्षेत्र के अधिकाधिक किसानों के पहुंचने का आह्वान किया। ब्लॉक क्षेत्र के सकरथली गांव में बबलू चौहान के आवास पर आयोजित पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों से एकजुट होने की अपील की। प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह ने प्रत्येक महीने विद्युत बिल निकालने की मांग की, साथ ही क्षेत्र में बिक रहे सिंथेटिक दूध, नकली दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की। पंचायत में राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र सिंह, प्रदेश महासचिव अतीक अहमद, मण्डल प्रभारी अनीश अहमद, नौरज यादव, विजय चौहान, मनोज कुमार, उदयवीर सिंह, विजेंद्र सैनी, खचेडू सिंह यादव, बाबुराम चौहान, शीशराम, अमित कुमार, नरेश चौहान, अमन सैनी, रमेश चौहान, महेंद्र सैनी, मनोज चौहान, अनिल कुमार, हरपाल यादव, प्रेमसिंह, कलवा सिंह, जगत सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बुराई पर अच्छाई की प्रतीक है रामलीला



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति अशोक चौधरी ने जिला पंचायत के वार्ड संख्या 11 के ग्राम खुंगावाली में रामलीला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रामलीला हमें बुराई पर अच्छाई की जीत सिखाती है। त्रेता युग में भगवान राम ने रावण का अंत करके समाज में सच्चाई का संदेश दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजेश राणा , टेकचंद राणा उर्फ कलुआ, रामपाल, राकेश, नरेश, संतराम, सोमपाल, शिवचरण, राजेश, ब्रह्मपाल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# युवा अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी गठित

## समाज हित में काम करने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को अग्रसेन भवन में युवा अग्रवाल सभा की बैठक धूमधाम से आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे और समाज की एकजुटता व मजबूती पर विचार रखे।

बैठक की अध्यक्षता अक्षय अग्रवाल ने की। कार्यकारिणी में सचिव अंकुश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मयंक गर्ग, सह सचिव चर्चित गुप्ता, मंत्री पारस सिंघल, संगठन मंत्री मेहुल गुप्ता, सह संगठन मंत्री राजीव अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष शिखर गर्ग, उपाध्यक्ष लाभ अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, रजत बंसल, विधिक सलाहकार धनंजय अग्रवाल, सह विधिक सलाहकार विशाल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुमित अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी आर्यन सहित बड़ी संख्या में युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा एकांश अग्रवाल, सत्यम घरोटिया, आयुष, प्रियम अग्रवाल, उत्सव अग्रवाल, अनिकेत अग्रवाल, देव अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, युगांश, गौरव अग्रवाल, आदित्य सिंघल, सूर्यांश अग्रवाल, दक्ष अग्रवाल, अर्पण सिंघल सदस्य चुने गए। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अक्षय अग्रवाल ने कहा युवा ही समाज की असली ताकत हैं। अगर हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे तो समाज की पहचान और प्रभाव स्वत: ही बढ़ेगा।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के विजयनगर स्थित में साई फिजियोथेरेपी क्लीनिक पर 'विश्व फिजियोथेरेपी दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ फिजियो चिकित्सक डॉ.कुलदीप शर्मा ने इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि यह दिन चोटों से उबरने, दर्द प्रबंधन और गतिशीलता को बहाल करने में फिजियोथेरेपिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है । इस दिवस को 1996 से मनाने की शुरूआत हुई। यह दिवस फिजियोथेरेपी से शारीरिक कार्यक्षमता में होने वाले सुधार को इंगित करता है। इस मौके पर सोनू,जतिन, पूजा, पूनम मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का निस्तारण: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते हुए कई मामलों में टीम बनाकर मौके पर भेजा। शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

सोमवार को हसनपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने पूर्व तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण और फीडबैक की समीक्षा की और राजस्व एवं विद्युत विभाग को शिकायतों का निस्तारण और बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिया। जिससे बेहतर फीडबैक प्राप्त हो। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गांवों में शिकायतें अधिक हैं या शिकायतों की पुनरावृत्ति हो रही है। वहां स्वयं मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की पुलिस संबंधी शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यपाल सिंह, पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, उप जिलाधिकारी पुष्करनाथ चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मेले में दबंगई, भाजपा पदाधिकारी समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** त्योहार और मेलों को आमतौर पर खुशियों और रौनक का प्रतीक माना जाता है, लेकिन चुचौला कला गांव के छड़ी मेले में अजब ही वाकया सामने आया। यहां कुछ युवकों ने मेले में दुकानदारों से पांच किलो हलवा-पराठा, पांच दर्जन कप और एक रिमोट कंट्रोल कार की मांग कर डाली। जब दुकानदारों ने इतनी अजीबोगरीब मांग पूरी करने से इनकार किया तो मामला सीधे गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया।

गांव निवासी दीपांशु त्यागी ने आरोप लगाया है कि मेले के अंतिम दिन तीन सितंबर को गांव निवासी कामरान, उसका चाचा रिफाकत उर्फ जरिया, अकरम और तेविंदर दुकानदारों से यह सामान मांगने लगे। दुकानदारों ने इंकार किया तो हंगामा शुरू कर दिया। मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपियों में से एक खुद को सोशल मीडिया पर भाजपा युवा मंडल उपाध्यक्ष बताता है।हालांकि हम इसकीं पुष्टि नही करते है। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में इस घटना की खूब चर्चा है। लोग कह रहे हैं कि अब मेले में भी दुकान लगाने से पहले दुकानदारों को यह सोचना पड़ेगा कि कहीं कोई हलवा-पराठा गैंग तो सामने नहीं आ जाएगा।

## हाईटेंशन लाइन के चार खम्भों से तार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चौकी क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार जारी है। बीती रात चोरों ने भीमा रोड पर स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास 33 हजार वोल्ट बिजली लाइन के चार खंभों से तार चोरी कर लिया। इस घटना से पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। आये दिन कहीं न कहीं चोरी की वारदातें हो रही हैं। बिजली के तार चोरी होने से किसानों की सिंचाई भी प्रभावित हुई है। चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि व अब खुलेआम चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भी लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। इस घटना से क्षेत्र में भय का माहौल है। बिजली विभाग ने पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।

# जमीयत ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री भेजी


**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** जमीअत उलेमा हिन्द ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए खान-पान व पहनने ओढने के कपड़ों व अन्य सामग्री का कैंटर भरकर रवाना किया है। इस समय पूरा पंजाब प्रदेश बाढ़ की चपेट में आया हुआ है। वहां पर घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। तमाम व्यवस्थाये अस्त व्यस्त हो चुकी है। कुछ इलाकों में स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि उनके पास खाने-पीने का सामान भी नहीं है। इसको देखकर जमीयत उलेमा हिंद ने अपने कदम आगे बढ़ाये है। सोमवार को जमीयत उलेमा हिंद के जिला सदर मुफ्ती खुर्शीद अहमद नक्शबंदी की सरपरस्ती में पंजाब प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों के लिए कैंटर भरकर राहत सामग्री को भेजा गया है। जमीयत के नगर अध्यक्ष कारी इरशाद अहमद बताया डायपर, मच्छरदानी, तिरपाल, बच्चों के कोलगेट, लेडीज सूट, जेंट्स कुर्ते, लेडीज सूट, पारले जी बिस्किट, रिफाइंड, आचार, किराना का सामान, जींस की पेंट, नमकीन, टी-शर्ट बच्चों के सूट, अगरबत्ती, माचिस, चादर, कपड़े, छतरी, आटा, चावल, पानी की बोतलों के बैग समेत अन्य जरूरत के समान को भेजा गया है।

# आमजन से व्यवहार ठीक रखें जनसेवक दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए पचास से अधिक पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीएम ने स्पष्ट कहा कि जनसेवक आमजन के साथ शालीन व्यवहार रखें, किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सहारनपुर से आई महिला ने शिकायत की कि राशन कार्ड न होने पर डीलर ने उनके साथ अभद्रता की। मुख्यमंत्री ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। जनता दर्शन में सर्वाधिक मामले जमीन से जुड़े रहे। प्रयागराज से आए सीआरपीएफ जवान और शामली की महिला ने भी अपनी समस्याएं रखीं। सीएम ने स्थानीय प्रशासन को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने वाली मंजू देवी त्रिपाठी को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का एस्टिमेट उपलब्ध कराएं, सरकार खर्च वहन करेगी। गाजीपुर से आए दिव्यांग उधम यादव को सीएम ने योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए और साथ ही इलेक्ट्रानिक वाकिंग स्टिक भेंट की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली और उन्हें चाकलेट-टाफी देकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



## युवक की करंट से हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम रकबा अदवारी निवासी 35 वर्षीय अखिलेश घर की बिजली लाइन को दुरुस्त कर रहे थे। अचानक इसी बीच अखिलेश करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें तार से अलग करने का इंतजाम कर ही रहे थे, किसी भी अखिलेश ने मौके पर दम तोड़ दिया। घटना से परिवार सदमे में है। मृतक अखिलेश अपने पीछे पत्नी, चार बेटियां और एक बेटे को छोड़ गए हैं। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने कहा कि उन्हें अभी तक इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**

**लखनऊ।** राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित गोसाईगंज कस्बे में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। शादाब मोटर्स के मालिक आमीन को जब पड़ोसियों ने सूचना दी, तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे और शटर खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। शुरुआत में स्थानीय फायर स्टेशन की एक गाड़ी आग पर काबू पाने में नाकाम रही, जिसके बाद आसपास के स्टेशनों से और चार गाड़ियां बुलाई गईं। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लपटें इतनी तेज थीं कि करीब पचास फीट ऊपर तक उठ रही थीं। आग में दुकान में रखे मोटरसाइकिल, वाहनों के पुर्जे और ऑटो पार्ट्स समेत लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक का माल जलकर खाक हो गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आग शार्ट सर्किट से लगी प्रतीत होती है। दुकान मालिक का कहना है कि वह दुकान पूरी तरह बंद करके गए थे, लेकिन कैसे शार्ट सर्किट हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो सका। प्रशासन पहले भी दुकानदारों को मुख्य स्विच बंद करके जाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन अक्सर लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं घट जाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि समय-समय पर बिजली फिटिंग की जांच और लूज टर्मिनल्स की मरम्मत जरूरी है, अन्यथा इस तरह के हादसे कभी भी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकते हैं। इस घटना ने एक बार फिर दुकानदारों को सावधानी बरतने का सबक दिया है।

# बाढ़ से तबाही, सरकार गायब: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ से हालात भयावह हो गए हैं। दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव और नगरीय क्षेत्र बाढ़ की चपेट में हैं।

लाखों लोग और पशुधन संकट में हैं, लेकिन सरकार कहीं नजर नहीं आ रही। मथुरा, आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी, प्रयागराज, फतेहपुर, गाजीपुर, बलिया समेत कई जिलों में लोगों का घर-खेत सब तबाह हो चुका है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हवाई सर्वेक्षण महज बाढ़ पर्यटन बनकर रह गया है। कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं, लोग अपना घर छोड़कर इधर-उधर शरण लेने को मजबूर हैं। आगरा की कालोनियों और गलियों में पानी भरा है, मथुरा में यमुना किनारे की दुकानें डूब चुकी हैं, प्रयागराज के हजारों घरों में पानी घुस गया है, वहीं हरदोई में करीब सौ गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। फिरोजाबाद और आसपास के जिलों में भी फसलें डूब गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की राहत टीम इलेवन कहीं दिखाई नहीं दे रही और बाढ़ राहत के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति हो रही है। जनता खाने-पीने और इलाज की सुविधाओं से वंचित है और भगवान भरोसे जीवन जीने को मजबूर है। महंगाई और बेरोजगारी से पहले से ही त्रस्त लोग अब बाढ़ की तबाही से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के रवैये से जनता बेहद निराश और आक्रोशित है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी और तभी लोगों को समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

## कांग्रेस नेतृत्व पर चुनावी राज्यों में जाने का आरोप

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कांग्रेस नेतृत्व पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता केवल उन्हीं राज्यों में जाते हैं जहां चुनाव होने होते हैं, लेकिन जिन राज्यों में भीषण आपदा आती है, वहां उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर कहा कि पंजाब की जनता की आवाज कांग्रेस के नेताओं को सुनाई नहीं पड़ रही है। पंजाब में उनकी अपनी सरकार है और वहां इस समय बाढ़ की भीषण त्रासदी चल रही है, लेकिन कांग्रेस का नेतृत्व वहां नहीं जा रहा है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में भी उनकी सरकार है और वहां भी भारी तबाही आई हुई है, फिर भी कांग्रेस नेतृत्व उदासीन बना हुआ है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस केवल सत्ता और चुनाव तक सीमित रह गई है, जबकि जनता की पीड़ा और आपदाओं से उसका कोई वास्ता नहीं है।

## अंबेडकर नगर में लड़कियों के अपहरण पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने अंबेडकर नगर में लगातार हो रहे लड़कियों के अपहरण पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटीद्ध गठित करने की मांग की है। आराधना मिश्रा ने पत्र में कहा है कि अंबेडकर नगर जिले के अठारह थानों में बीते एक माह के भीतर छप्पन लड़कियों के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई है। इतनी बड़ी संख्या में अपहरण की घटनाएं सामान्य नहीं कही जा सकतीं और यह किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाना आवश्यक है।

# पुलिस ने किए पांच अंतरजनपदीय चोर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पकड़े गए शातिर अभियुक्तों के खिलाफ अमेठी अयोध्या बाराबंकी रायबरेली जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हैं मुकदमे**

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे सोमवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस थानाक्षेत्र में मौजूद थी।

तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उसरहा से अहोरवा भवानी जाने वाले मार्ग पर कुछ व्यक्ति चोरी/डकैती की योजना बना रहे हैं।। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर मौजूद 03 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया तथा 02 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। हिरासत में लिये गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम इमरान पुत्र मो0 इबरार निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र 22 वर्ष बताया। दूसरे ने अपना नाम मो0 अरबाज पुत्र बादशाहखान निवासी दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र 23 वर्ष व तीसरे ने अपना नाम सलमान पुत्र अकबर अली' निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र 22 वर्ष बताया। तलाशी से मो0 इमरान के कब्जे से एक बैग से 01 बांका व 200 रुपये नकद, मो0 अरबाज के कब्जे से 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 12 बोर, सलमान के कब्जे से 01 हथौड़ी, 01 पेचकस, 01 प्लास व 200 रुपये नकद बरामद हुए। भागने वाले दोनों व्यक्तियों के संबंध में पूछने पर मो0 इमरान ने उनका नाम-पता सद्दाम पुत्र कल्लू निवासी खैराना थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली व मंगा पासी निवासी सांगीपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया, तथा यह भी बताया कि वही लोग उन तीनों को चोरी/डकैती करने के लिये बुलाया था। अपाचे मोटरसाइकिल सं0 यूपी 36 क 5504 को मो0 इमरान ने सद्दाम उपरोक्त के साथ मिलकर ग्राम रानीगंज प्रेमगढ़ जगदीशपुर अमेठी से चोरी करना बताया। तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वह पांचो लोग मिलकर रेकी करके गैंग बनाकर चोरी/डकैती का कार्य करते हैं। इमरान ने बताया कि वह सद्दाम के साथ मिलकर दिनांक 04.08.2025 को सहादतगंज जनपद अयोध्या चौकी के बगल प्लाईओवर के पास से एक अल्टो कार सं0 यूपी 70 5572 चोरी किया था तथा कार का नंबर बदलकर उसी कार से अभी हाल ही में सभी लोगों ने मिलकर ग्राम कोटवा सड़क, रामसनेही घाट बाराबंकी से बकरी चोरी करना बताया। इसके अलावा अभियुक्तों ने पुराना चौराहा हुसैनाबाद थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी व ग्राम पलिया जगमोहन इनायतनगर अयोध्या से बकरियां चोरी करना बताया। वह सभी मिलकर बकरियां चोरी करके अल्टो कार से 'मेहताब पुत्र फाजिल' निवासी सातनपुरवा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के घर पर लाते थे वहां से चोरी कर लायी गयी बकरियां 'मुन्ना द्धचिकवाऋ पुत्र शेर मोहम्मद' निवासी शेखनगांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी को बेच देते थे जहां मुन्ना बकरियों को काट कर बेच देता था जो रुपये मिलते थे उन्हें वह सभी आपस में बाट लेते थे। अभियुक्तों ने बताया कि अपने दोनों साथियों मेहताब उपरोक्त एवं मुन्ना (चिकवा) उपरोक्त को मठ नहर पुलिया पर रुकने के लिये बताया गया है। मठ नहर पुलिया पर पहुंचकर वहां मौजूद मेहताब एवं मुन्ना उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लिया गया।

## निजी विश्वविद्यालयों पर योगी सरकार का सख्त रुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बाराबंकी रामस्वरूप विश्वविद्यालय प्रकरण के बाद कई अनियमितताएं सामने आईं, जिन्हें लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों को भारत सरकार के 'समर्थ पोर्टल' से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर एक विशेष समिति गठित की गई है, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय से शपथ पत्र लेगी, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि वे कौन-कौन से कोर्स चला रहे हैं, सभी कोर्स मान्यता प्राप्त हैं या नहीं और प्रत्येक कोर्स में कितने छात्रों ने प्रवेश लिया है। यदि जांच में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित संस्थान के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अवैध प्रवेश पाए जाने की स्थिति में संस्थान को छात्र का पूरा शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। प्रदेश सरकार अब एक नया पोर्टल विकसित करने जा रही है, जो निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ेगा, ठीक उसी तरह जैसे केंद्र सरकार का 'समर्थ पोर्टल' विश्वविद्यालयों को जोड़ता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बाढ़ पीड़ितों को दी सहायता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के कई राज्यों में भारी वर्षा से नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। लाखों लोग प्रभावित हैं और कई इलाके पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं।

प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, स्वच्छ पेयजल और दवाइयों की भारी कमी बनी हुई है। इस संकट की घड़ी में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राहत सामग्री पहुंचाने में जुटे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय आज लखनऊ के आलमबाग स्थित चंदर नगर गुरुद्वारे पहुंचे। उन्होंने यहां अरदास की और पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सलामती के लिए दुआ की। इस मौके पर उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथी साहब को आर्थिक सहायता का चेक भी सौंपा, ताकि बाढ़ पीड़ितों की मदद की जा सके। मीडिया से बातचीत में अजय राय ने कहा कि प्राकृतिक आपदा को रोकना संभव नहीं है, लेकिन आपदा प्रबंधन संस्थानों को मजबूत बनाकर नुकसान कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान राष्ट्रीय आपदा राहत एवं बचाव संस्थान को सशक्त बनाया गया था और समय रहते कार्रवाई कर लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती थी। लेकिन बीते ग्यारह वर्षों में मोदी सरकार ने इस दिशा में लगभग कोई काम नहीं किया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर पूर्व मंत्री मुईद अहमद, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, मो. शमीम, सरदार रंजीत सिंह, अब्दुल्ला शेर खान और आर्यन मिश्रा सहित कई नेता मौजूद रहे।

# कुली सर्वे अभियान को मिल रहा देशव्यापी समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कुलियों के रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय कुली मोर्चा द्वारा चलाया जा रहा सर्वे अभियान पूरे देश में व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है। पूर्वोत्तर के त्रिपुरा, मिजोरम, असम से लेकर पश्चिम के भुसावल और मुंबई सेंट्रल स्टेशन तक, जम्मू कश्मीर से लेकर केरल तक हर जगह कुली सर्वे फार्म भर रहे हैं।

राष्ट्रीय कुली मोर्चा की वर्चुअल बैठक में देशभर से कुली प्रतिनिधियों की रिपोर्ट सुनी गई और अभियान को और अधिक व्यापक बनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि सर्वे के आधार पर तैयार रिपोर्ट रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुखों और सांसदों को भेजी जाएगी ताकि कुलियों को रेलवे में नौकरी और सामाजिक सुरक्षा मिल सके। मोर्चा के कोआर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने बताया कि इस अभियान के बाद रेल मंत्रालय ने भी कुलियों की स्थिति की जांच कराने का आदेश दिया है, लेकिन जमीन पर इसका असर अभी दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि माई कुली एप, ट्राली प्रथा और बैटरी रिक्शा व्यवस्था के जरिए कुलियों का काम खत्म किया जा रहा है, जबकि स्टेशन पर सामान ढोने का काम केवल कुलियों से ही कराया जाना चाहिए। यदि सरकार निजीकरण के जरिए इसे खत्म करना चाहती है तो उसे कुलियों की सम्मानजनक आजीविका के लिए रेलवे में भर्ती का आदेश जारी करना चाहिए। बैठक का संचालन चंदेश्वर मुखिया ने किया। इसमें शेख रहमतुल्लाह, अनिल सांवले, कलीम मकरानी, राम महावर, राज कपूर, राम बाबू बिलाला, राज कुमार, चंद्रू चालवाड़ी, अमजद भाई, गुफरान अहमद, अदनान अहमद, मनीष, अरुण कुमार यादव, राहुल कुमार, अनील मंडल, शिवराम, अरविन्द कुमार, भारत भूषण शर्मा, अरुण कुमार महतो, कन्हैया ग्वाला, सूरज मेश्राम, भुवन यादव, मूलचंद वर्मा, राजू टीकम, जितेंद्र डांगी, मोहम्मद हाशिम और चंद्रपाल समेत कई प्रतिनिधियों ने विचार रखे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीतपुर निवासी देवेन्द्र नाथ सिंह उर्फ कल्लू सिंह पुत्र भोला सिंह उम्र 54 वर्ष बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में नकरहिया के निकट किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल भागे, लेकिन रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना 5 सितंबर की बताई जा रही है। इस संबंध में परिजनों ने सोमवार को देहात कोतवाली में तहरीर दी है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें, किया निस्तारण

**सीतापुर।** सोमवार को जिले की सभी 7 तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल लहरपुर तहसील में मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 53 शिकायतें आई। इन शिकायतों में से 5 का ही निस्तारण मौके पर किया जा सका। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 3, तहसील बिसवां में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 8, तहसील सदर में प्राप्त 8 प्रार्थना पत्रों में से 2, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील महोली में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील सिधौली में प्राप्त 62 प्रार्थना-पत्रों में से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## चोरी की योजना बना रहे दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** थानगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गुरुक्षेत्र मोड़ के पास बाग में छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गुरुखेत पुरवा सरैया छतौना निवासी बालेंद्र पुत्र मुन्ना सिंह, सरैया छतौना निवासी भारत पुत्र जगमोहन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर हैं। दोनों चोरी की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके पास से एक हथौडा, एक छैनी, टार्च, एक प्लास व एक रेती, एक शब्बल लोहे का, एक चाभी का गुच्छा, एक बन्डल बीड़ी व माचिस बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** लहरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तारनपुर निवासी शरीफ पुत्र लतीफ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने इस संबंध मे लहरपुर कोतवाली पुलिस ने शरीफ के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस का कहना है की शरीफ शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज है।

## सुकन्या समृद्धि योजना के तहत कैंप लगाकर दी जानकारी

**सीतापुर।** सोमवार को सुकन्या समृद्धि योजना के तहत भारतीय डाक विभाग ने खैराबाद विकासखंड क्षेत्र के ग्राम नैपालापुर में जागरूकता कैंप लगाया। कैंप का शुभारंभ खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने किया। ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार की यह बेहद महत्वपूर्ण योजना है, हर पात्र ग्रामीण परिवार को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियों के उत्थान के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार यह योजना चला रही है, इस योजना के माध्यम से गरीब वर्ग के मध्यम वर्ग के परिवार लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी इस योजना के मानक के दायरे में आते हैं, उनको इसका लाभ लेना चाहिए। इस दौरान भारतीय डाक विभाग के जनसंपर्क निरीक्षक गोपेश्वर मिश्रा ने बताया की भारतीयडाक विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत सुकन्या समृद्धि योजना चला रही है। हम।लोग जानकारी देने के साथ फार्म भी भरवा रहे हैं।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक को एनसीपी प्रदेश महासचिव ने दिया शिकायती पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह द्वारा लखनऊ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेशक को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ महीने पूर्व में एडिशनल सीएमओ सीतापुर डा अनूप श्रीवास्तव द्वारा लगभग 72 झोला छाप अस्पतालों पर छापा मारा गया। उन्हें उस दौरान बन्द कराया गया था। लेकिन फिर पुनः वे अस्पताल खोल दिये गए।

एनसीपी प्रदेश महासचिव का आरोप है कि एसीएमओ ने उन झोलाछाप डाक्टरों को आफिस में बुलाकर मोटी रकम लेकर खोलने का आदेश दिया है। अगर सब कुछ सही चल रहा था तो बन्द कराया क्यों गया। अगर गलत था, तो आगे कार्यवाही क्यों नहीं की गई। जिस कारण जनता का स्वास्थ्य विभाग पर से कहीं न कहीं विश्वास उठता दिखाई दे रहा है। छापा मारी में बन्द झोला छाप अस्पताल व रजिस्टर्ड हास्पिटल को नोटिस दी गई। हॉस्पिटल के संचालकों में भारी रोष व्याप्त है कुछ माह पहले कमिश्नर रोशन जैकब के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। उस समय एडिशनल सीएमओ अनूप श्रीवास्तव और एसडीएम अंजली सिंह ने मिलकर जिले के करीब 72 निजी अस्पतालों व झोला छाप पर धड़ाधड़ छापेमारी की थी। उस वक्त कई झोला छाप हास्पिटलों पर ताले लटक गए थे। जनता को उम्मीद थी कि अब स्वास्थ्य विभाग अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डाक्टरों पर कड़ा शिकंजा कसेगा। मगर कुछ ही हफ्तों में तस्वीर बदल गई, मानक विहीन और बिना पंजीकरण वाले अस्पताल फिर से खुल गए। संचालक फिर से उसी तरह काम करने लगे। कार्यवाही और सख्ती की बातें फाइलों तक ही सीमित रह गईं। सीपी प्रदेश महासचिव का आरोप है कि अधिकांश संचालकों को सीएमओ आफिस बुलाकर समझौता कराया गया। भारी रकम वसूली गई और फिर सभी को अस्पताल चलाने की हरी झंडी दे दी गई। एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह ने निवेदन करते हुए कहा है कि जिन अस्पतालों में एसीएमओ डा अनूप श्रीवास्तव द्वारा छापामारी करके बन्द कराया गया था और कार्यवाही क्यों नहीं की, इसकी जांच कराया जाये। वह भी शासन की कमेंटी द्वारा जांच कराकर कठोर कार्यवाही किया जाये।

## श्रीकृष्ण जल विहार व विशाल इनामी दंगल का हुआ आयोजन

**मानिकपुर/चित्रकूट।** ग्राम पंचायत चंद्रामारा में परंपरागत श्रीकृष्ण जल विहार का आयोजन सोमवार को देवरी तालाब पर किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय पंडित राजधर मिश्रा द्वारा शुरू की गई परंपरा का हिस्सा है, जिसे उनके सुपुत्र कमलेश मिश्रा और विनोद मिश्रा के सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। जल विहार के बाद विशाल इनामी दंगल और भजन संध्या का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। बताया गया कि यह आयोजन अनवरत पिछले पैंसठ वर्षों से होता आ रहा है। दंगल में तीन दर्जन से अधिक बड़ी कुश्तियां हुईं, जिनमें झांसी, हमीरपुर, वाराणसी, कानपुर और बांदा सहित विभिन्न जिलों के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाए। विशेष आकर्षण के रूप में कानपुर से महिला पहलवानों की एक जोड़ी ने भी कुश्ती लड़ी। विजयी पहलवानों को उनके कौशल के अनुसार पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मेले और दंगल की सुरक्षा के लिए बहिलपुरवा थाने की पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। आयोजन में प्रमुख रूप से जगमोहन प्रधान चंद्रामारा, वरिष्ठ पत्रकार गरुण मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, मृगेंद्र मिश्रा, कैलाश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, डा. एम.एम. पांडेय, अशोक मिश्रा, मनु मिश्रा, बद्री पांडेय, शिवप्रसाद, सीताराम बड़गईया, बुद्धा यादव, रामजी पटेल, चंद्रपाल शुक्ला, सुभाष शुक्ला, नरेश यादव, दिलीप पटेल और शंकरशन दुबेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 26 लाख दीपों से जगमगाएगी राम नगरी, बनेगा नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**लखनऊ।** अयोध्या में इस वर्ष उन्नीस अक्टूबर को आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2025 में छब्बीस लाख से अधिक दीप जलाकर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग सरयू तट, राम की पैड़ी और अन्य घाटों पर दीपों की श्रृंखला से अलौकिक ख्रश्य प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर राम नगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ने जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय तैयारियां तेजी से चल रही हैं और इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए छात्र और स्वयंसेवक भी सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हज़ार सत्रह से अयोध्या में दिव्य और भव्य दीपोत्सव की परंपरा शुरू हुई थी, जिसे निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस बार का आयोजन और भी ऐतिहासिक होगा। मंत्री ने कहा कि दीपोत्सव न केवल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रतीक है बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और अयोध्या की गरिमा का वैश्विक प्रदर्शन भी है।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**तीन गिरफ्तार, डेढ़ हजार किलो विस्फोटक मिला**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने बोडाकी गांव में एक निर्माणाधीन मकान में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने आईएएनएस से बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बोडाकी गांव में छापेमारी दी। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर पटाखे बनाने का सामान और उनकी पैकिंग करने का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से करीब 20 से 25 लाख रुपए की कीमत के पटाखे और पटाखे बनाने का सामान बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि लोग पटाखे बनाकर पैकिंग कर रहे थे। वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के रामलखन (33), फरकनगर के आजाद (20), और बहराइच के राजेंद्र (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 1,004 किलोग्राम तैयार अनार पटाखे, 100 बोरी नलकी और लगभग 1,500 किलोग्राम पटाखे बनाने की सामग्री जब्त की है। जब्त सामग्री में मैग्नीशियम पाउडर, स्मैक लेस पाउडर, कटन पाउडर और टीआई पाउडर जैसे खतरनाक रासायनिक पदार्थ शामिल हैं।

इसके अलावा, पुलिस ने मौके से छह दाब मशीनें, एक इलेक्ट्रॉनिक दाब मशीन, एक स्प्रे मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया है। पटाखों के सामानों की कीमत लाखों में बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने आगे बताया कि आरोपी दशहरा और दीपावली के लिए पटाखे तैयार कर रहे थे और इन्हें आगे सप्लाई करने की फिराक में थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और इस गोरखधंधे से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश जारी है। उनको भी जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहां-जहां भी इस तरह फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखा बनाया जा रहा है, उनकी निशानदेही की जा रही है, जल्द ही सभी फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस की टीम का भी गठन किया जाएगा। इस फैक्ट्री से जुड़े सभी लोगों की भी तलाश की जा रही है।

# मिलावटखोरों पर 58 लाख से अधिक का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की अगस्त की रिपोर्ट में नमक से नमकीन तक में मिलावट मिली। न्यायालय ने सोमवार को 26 मिलावटखोरों पर 58.15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जिला प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि एडीएम मंगलेश दुबे की कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के 26 मामलों में फैसला सुनाया है। कोर्ट में मिलावटखोरों के खिलाफ करीब सात वर्षों से यह मामले विचाराधीन थे। इसमें सबसे गंभीर मामला नमक में की गई मिलावट का है। न्यायालय ने दुकान मालिक सौरव यादव पर त्रिशुल ब्रांड के काले नमक का नमूना फेल होने पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया।




वहीं, ग्रेटर नोएडा डेल्टा-2 के भुमेश कुमार पर भी सरसों के तेल में मिलावट पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

इसके अलावा सेक्टर-22 निवासी नरेंद्र पर चिप्स में मिलावट मिलने पर चार लाख रुपये जुर्माना लगाया। कोर्ट ने कासना निवासी बहादुर सिंह पर दूध का नमूना फेल होने पर तीन लाख, तरुण कुमार पर गुलाब जामुन और रफाकत पर पनीर का नमूना फेल होने पर साढ़े तीन-तीन लाख का जुर्माना लगाया। ग्रेटर नोएडा के अनुज पर बेसन का नमूना पर तीन लाख का जुर्माना लगाया। इसके अलावा मीट के दो नमूने फेल होने पर दो दुकानदारों पर 1.75 लाख, नमकीन का नमूना फेल होने पर 4,10,000 का जुर्माना, इसके अलावा शाही चिकन, बिस्कुट, दाल समेत अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी पर कुल 26 विक्रेताओं पर 58.15 लाख का जुर्माना लगाया।

# हर पांचवें छठे मरीज में हो रही डेंगू की पुष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** डेंगू के मरीजों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में जांच के लिए आने वाले हर पांचवें या छठे मरीज में डेंगू की पुष्टि हो रही है। अब तक जिला अस्पताल में कुल 704 लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 128 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं, बुधवार को जिले भर में 13 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जिससे कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 189 पहुंच गई है।



हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल जिले में सिर्फ 14 एक्टिव केस हैं और इनमें से 8 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। सभी मरीजों के घरों के आसपास एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कर दिया गया है। जिला अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ एचएम लवानिया ने बताया कि डेंगू की जांच के लिए एलाइजा किट का इस्तेमाल किया जा रहा है। 704 नमूनों में से 128 में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा मलेरिया के भी 1790 सैंपलों की जांच की गई, जिनमें 62 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भर्ती सभी मरीज पूरी तरह ठीक होकर घर लौट चुके हैं और किसी भी मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी है।

**486 स्थानों पर मिला लार्वा:** स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया नियंत्रण विभाग की ओर से चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान में जनवरी से अब तक 486 स्थानों पर लार्वा मिलने की पुष्टि हुई है। इनमें से 95 प्रतिशत मामले सिर्फ अगस्त और सितंबर महीने में सामने आए हैं, जो इस बात का संकेत है कि बरसात के मौसम में डेंगू के मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। विभाग की ओर से अब तक 188 लोगों को लार्वा और गंदा पानी जमा होने के कारण नोटिस भी जारी किए गए हैं।

**स्कूलों को सर्कुलर जारी:** डेंगू संक्रमण की बढ़ती स्थिति को देखते हुए मलेरिया विभाग ने बेसिक शिक्षा विभाग से अपील की थी कि स्कूलों में डेंगू से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। इसके तहत अब बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को सर्कुलर जारी कर निर्देश दिए हैं कि छात्र-छात्राएं पूरी बाजू के कपड़े पहनकर स्कूल आएं। इसका उद्देश्य बच्चों को मच्छरों के काटने से बचाना है। स्कूल प्रशासन से भी परिसर में साफ-सफाई रखने और पानी जमा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रेनो की सोसाइटी में बुजुर्गों ने प्रस्तुत की मिसाल

**ग्रेटर नोएडा।** जहां एक ओर आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्ग खुद को अकेला महसूस करने लगे हैं, वहीं ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जीटा-1 स्थित एसोटेक स्प्रिंगफील्ड सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनी हुई है। इस सोसाइटी के 65 वर्ष से अधिक आयु के रिटायर्ड नागरिकों के एक समूह की ओर से रोजाना सुबह-शाम दो-दो घंटे योग और व्यायाम की चाय पर चर्चा का आयोजन किया जाता है। इतना ही नहीं, इस समूह में हर सदस्य का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया जाता है। इससे सभी को परिवार जैसा माहौल महसूस होता है। निवासी दिलीप सिंह ने बताया कि उनके पिताजी (उम्र 72 वर्ष) पिछले 7-8 महीनों से स्थायी रूप से उनके साथ रह रहे हैं। जब 04 सितंबर को उनके जन्मदिन पर सोसाइटी के बुजुर्ग साथियों ने उन्हें विशेष अंदाज में बधाई दी और केक काटा। तो घर लौटते समय वो मुस्कान और ऊर्जा से भरे हुए थे, जैसे वे फिर से अपने जवानी के दिनों में लौट गए हों। उनकी आंखों में जो चमक थी, उसने मेरा दिल छू लिया। मैं समझ गया कि यह पहल बुजुर्गों के लिए केवल दिनचर्या नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। यह पहल न केवल बुजुर्गों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी प्रसन्न और सक्रिय बनाए रखती है। एक बुजुर्ग सदस्य का कहना है, हममें से कई लोग अपने बच्चों के साथ रहते हैं, लेकिन उन पर जिम्मेदारियां बहुत होती हैं। तब यह समूह हमारे लिए एक-दूसरे का सहारा बनाता है।

## एक नजर

### टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 10 और 16 सितंबर को ज्ञापन सौंपेंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद पैदा हुई स्थिति को लेकर जिलेभर के शिक्षक 10 और 16 सितंबर को ज्ञापन सौंपेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मेघराज सिंह ने कहा कि एक सितंबर के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षकों की नौकरी पर आए संकट से सभी दुखी हैं। टीईटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए निर्णय से जिलेभर के ढाई हजार से अधिक शिक्षकों के सामने संकट खड़ा हुआ है। संघ इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि संघ के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून में संशोधन के लिए 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलाधिकारी कार्यालयों पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। इसी कड़ी में प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। इसमें सभी शिक्षक शामिल होंगे। वहीं, शिक्षकों का दूसरा गुट टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर 10 सितंबर को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगा।

### 10 युवकों ने महिला के घर में घुसकर सामान बाहर फेंका, कब्जा करने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सोमवार दोपहर एक महिला के मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। धनोरी रोड़ पर स्थित मकान में करीब 10 युवक जबरन घुस गए। उन्होंने घरेलू सामान को बाहर फेंक दिया और मकान पर ताला लगा दिया।
पीड़ित महिला रिंकी ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ घर में थी। युवकों ने उनके विरोध करने पर उन्हें घर से बाहर खींचकर मारपीट की। आरोपियों द्वारा किए गए कथित पथराव में एक छात्रा और पड़ोसी महिला समेत 5 लोग घायल हुए। घटना के दौरान घर के शीशे भी टूट गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला तथा कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने विवादित मकान पर दूसरा ताला लगा दिया है। जांच में पता चला कि यह मकान पीड़िता के ससुर ने कई साल पहले एक व्यक्ति को बेच दिया था। इसी को लेकर महिला के पति और खरीदार के बीच कोर्ट में केस चल रहा है। खरीदार पहले भी कई बार मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर चुका है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पथराव की घटना नहीं हुई है। मकान विवाद की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत, युवती घायल

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में किराये पर रहने वाले युवक की बिजली की लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। करीब एक महीने बाद घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। कौशांबी जनपद के ऊनो गांव निवासी दयाशंकर मिश्रा बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में किराये पर रहते हैं। 11 अगस्त को उनकी भांजी अदिति पांडे व भाई अभिषेक मिश्रा घर पर थे। दोपहर के समय कपड़े धुलाई के बाद सुखाने के लिए छत पर डालने चले गए। कपड़े सुखाते समय अदिति मकान के पास से जा रही बिजली के लाइन से कपड़ा टच होने पर करंट लग गया। बचाने के लिए पहुंचे अभिषेक मिश्रा बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की रिपोर्ट करीब एक माह बाद कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

### नामी स्कूल में क्रिकेट खेल रहा इंजीनियर मूर्छित होकर गिरा, अस्पताल में मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के एक नामी स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट खेलते समय एक इंजीनियर बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़ा। आनन-फानन में इंजीनियर को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।
थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राहुल जायसवाल 41 वर्ष पुत्र सुशील जायसवाल निवासी ग्रेट वैल्यू शरण सोसायटी सेक्टर-107, सेक्टर-105 स्थित फॉर्चून स्कूल में बने खेल मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। क्रिकेट खेलते समय वह अचानक मूर्छित होकर ग्राउंड पर गिर गए। अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए उन्हें नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# चाइल्ड पीजीआई की मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) की मरम्मत के लिए शासन ने बजट की स्वीकृति दे दी है। चाइल्ड पीजीआई प्रबंधन को राशि मिलते ही काम शुरू होगा। मरम्मत के अभाव में सात साल से अस्पताल के बेसमेंट में पानी भरता रहा है। चाइल्ड पीजीआई की मरम्मत के लिए आईआईटी रुड़की की टीम ने पांच महीने पहले अस्पताल का जायजा लिया था। आईआईटी की टीम और सरकारी निर्माण एजेंसी ने इसकी मरम्मत में 27 करोड़ खर्च आने की रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट शासन को भेज दी गई थी। हालांकि अभी तक यह तय नहीं कि मरम्मत के काम के लिए कितनी राशि स्वीकृत हुई है।

मरम्मत के अभाव में दो सालों से अस्पताल के कई चिकित्सकीय विभाग का काम प्रभावित हुआ है। अभी भी कई बार परेशानी आती है। ऑपरेशन थियेटर के आसपास सीलन के कारण करीब चार महीने तक बच्चों के हृदय से संबंधित ऑपरेशन प्रभावित हुए थे। इसके अलावा बरसात में पानी टपकने से भी अन्य चिकित्सकीय विभाग के ऑपरेशन थियेटर को भी संक्रमणमुक्त करना पड़ा था। साथ ही ऑपरेशन की तिथि बढ़ाई गई थी। इसके अलावा पहले, दूसरे और तीसरे तल पर कई बार फॉल्स सीलिंग भी गिरी थी। कई बार वार्ड की फॉल्स सीलिंग भी गिरी थी, जिससे मरीज बाल-बाल बचे थे। चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि शासन ने मरम्मत के लिए बजट की स्वीकृति दे दी है।

# भंगेल सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म

**नोएडा।** भंगेल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन की सिरिंज खत्म हो गई है, जिससे लोगों को टीका लगवाने के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है। इस साल पांचवीं बार भंगेल में सिरिंज खत्म हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में पांच दिनों से सिरिंज खत्म है। इसकी उपलब्धता के लिए सीएचसी प्रभारी ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक सिरिंज नहीं मिली। ऐसे में सीएचसी के आसपास के लोगों को छह सात किलोमीटर दूर जिला अस्पताल आकर वैक्सीन लेनी पड़ रही है। स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक दिन करीब 100 लोगों को एंटी रेबीज टीका दिया जाता है। सिरिंज खत्म होने के कारण एंटी रेबीज टीका लगवाने वालों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ गई है। सोमवार को 300 से अधिक लोगों ने टीका लगवाया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतें हुई दर्ज, आठ का किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 160 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।



जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशानुसार जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान 72 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 03 शिकायतें दर्ज की गईं।

# लखनावली में गाजीपुर जैसा कूड़े का पहाड़, रोजाना निस्तारित होने से ज्यादा डल रहा कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लखनावली गांव में पड़ा लाखों टन लिगेसी कूड़ा (विरासत कूड़ा) ने पहाड़ का रूप ले लिया है। वह दिन भी दूर नहीं जब यहां एकत्रित लाखों टन कूड़ा दिल्ली के गाजीपुर की तरह ऊंचे-ऊंचे कूड़े के पहाड़ जैसा रूप ले लेगा।

दरअसल लखनावली डंपिंग साइट में जिस तेजी से कूड़े का निस्तारण किया जा रहा, उससे कहीं अधिक तेजी से कूड़ा डाला जा रहा है। अस्तौली गांव में बन रहे डंपिंग साइट को अभी बनने में वक्त लगेगा, ऐसे में लखनावली में ही कूड़ा डलता रहेगा।यह हाल तब है कि जब लखनावली डंपिंग साइट से कुछ ही दूर पर पुलिस आयुक्त आवास, जिलाधिकारी आवास, सीआइएसएफ बटालियन, आइटीबीपी बटालियन और उनका आवास, सीआरपीएफ का ग्रुप केंद्र, लखनावली गांव, मलकपुर गांव, मलकपुर गांव स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, औद्योगिक इकाइयां हैं।

करीब दो से तीन किलोमीटर परिधि में 25 हजार के करीब लोग कूड़े की गंद से लोग 24 घंटे त्रस्त रहते हैं। वर्षा का मौसम चल रहा, ऐसे में हालात और भी बदतर हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पिछले चार वर्षों से लखनावली में पड़े कूड़े को जल्द निस्तारण और अस्तौली में डंपिंग साइट शुरू होने के वादा कर रहा है, लेकिन आज तक उसे पूरा नहीं कर सका है।

**10 दिन में 127 करोड़ बढ़ी टेंडर की कीमत:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसी वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में टेंडर जारी किया था, जिसमें लखनावली डंपिंग साइट से प्रतिदिन 800 टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित करने वाले प्लांट को लगाने की जानकारी दी गई थी।

यह टेंडर 55.07 करोड़ का था। करीब 10 दिन बाद टेंडर में संशोधन कर इसकी कीमत 182.94 करोड़ रुपये कर दी गई। यानी 127.87 करोड़ रुपये बढ़ा दी गई है। इसकी बिड 10 सितंबर को खुलनी है।

**प्रतिदिन डल रहा 700 टन कूड़ा, निस्तारित हो रहा 450:** सूत्रों के मुताबिक लखनावली डंपिंग साइट में इस दौरान तीन लाख टन लिगेसी कूड़ा डला हुआ है। पिछले दो वर्षों में 4.82 लाख टन कूड़ा निस्तारित हो चुका है। यहां हर दिन पूरे शहर से 700 टन कूड़ा डाला जाता है, जबकि 450 टन ही प्रतिदिन कूड़ा निस्तारित होता है।

डंपिंग साइट में बायोमाइनिंग प्लांट लगा हुआ है, जिसकी क्षमता दो हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की है। मीट्रिक टन क्षमता वाले प्लांट में प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण घट-बढ़ सकता है। सवाल ये उठता है कि जब दो हजार मीट्रिक टन की क्षमता है, तो 450 टन ही क्यों निस्तारित किया जा रहा है। यही हाल रहा, तो यहां गाजीपुर की तरह ऊंचे ऊंचे कूड़े के पहाड़ खड़े हो जाएंगे।

# 39 अवैध इमारतों में पानी कनेक्शन लेने वालों पर होगा ऐक्शन, बढ़ेगी सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सलारपुर में अवैध रूप से बनी 39 इमारतों में भूमिगत पानी कनेक्शन लेने वालों पर कार्रवाई होगी। इसे लेकर नोएडा प्राधिकरण मंगलवार को एसडीएम दादरी को पत्र लिखेगा। इन इमारतों को ध्वस्त भी किया जाएगा।

यहां बिना नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी के लिए अवैध रूप से इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इन इमारतों में काम रोकने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 25 अधिकारियों की एक टीम तैनात कर दी है। हर अधिकारी की अलग-अलग दिन देखरेख के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

**भूमिगत पानी कनेक्शन लेने की कोशिशें:** इसके बावजूद यहां निर्माण चल रहा है। अब इमारतों के मालिकों ने भूमिगत पानी कनेक्शन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी जानकारी नोएडा प्राधिकरण को मिली है।

**एसडीएम दादरी को पत्र लिखने का निर्णय:** ऐसे में प्राधिकरण ने कार्रवाई के लिए एसडीएम दादरी को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में एसडीएम को पत्र लिख दिया जाएगा।

**भूमाफिया घोषित करने की प्रक्रिया चल रही:** सलारपुर में अवैध इमारतें बनाने वाले 39 मालिकों को भूमाफिया घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण के सीईओ की तरफ से डीएम को पत्र लिखा जा चुका है। भूमाफिया घोषित होने के बाद इमारतों के मालिकों पर शिकंजा कसा जाएगा।

**एफआईआर का इंतजार:** नोएडा प्राधिकरण ने करीब दो महीने पहले इमारतों के मालिकों पर एफआईआईआर दर्ज कराने के लिए कोतवाली सेक्टर-39 में शिकायत दी थी। दो महीने बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास क्या महंगी होगी जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ल्म्प्क।) ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास 20 किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह का निर्माण नियमों के तहत ही होगा. ल्म्प्क। ने एक प्रस्ताव पास किया है, जिसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाली बिल्डिंगों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है।

इसका मतलब है कि अब इस इलाके में कोई भी नई बिल्डिंग नहीं बन पाएगी, इसके लिए ल्म्प्क।, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) के नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी, अगर कोई बिल्डिंग AAI के दिशा-निर्देशों के हिसाब से नहीं बनी है, तो उसका नक्शा पास नहीं किया जाएगा. इसको लेकर ल्म्प्क। के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बोर्ड ने एयरपोर्ट के पास उड़ान के रास्ते को साफ रखने के लिए AAI (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के नियमों को लागू करने का फैसला लिया है.उन्होंने आगे बताया कि AAI ने एक कलर-कोडेड जोनिंग मैप जारी किया है, जिसे चर्चा के बाद लागू किया जाएगा। इसके अलावा, YEIDA इस 20 किलोमीटर के पूरे इलाके का सर्वे कराने के लिए एक विशेषज्ञ कंसलटेंट को भी नियुक्त करने की योजना बना रही है।

# नोएडा-ग्रेनो में आएगी आईटी भूखंड योजना

**बड़ी कंपनियां कर सकेंगी निवेश, जमीन चिह्नित, मिलेगा निवेश और रोजगार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईटी कंपनियों को ग्रेटर नोएडा में निवेश करने का मौका मिलेगा। ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण आईटी सेक्टर के लिए भूखंडों की योजना लाने जा रहा है। इसके लिए सेक्टर टेक्जोन और नॉलेज पार्क-5 में जगह चिह्नित कर ली गई है। इस महीने योजना शुरू कर दी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक आईटी भूखंडों की योजना में 1,4, 10 और 20 एकड़ के कुल पांच भूखंड होंगे। 10-10 एकड़ के दो, 20 एकड़ का एक भूखंड सेक्टर टेक्जोन और एक एकड़ और चार एकड़ के 1-1 भूखंड सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में होंगे।




अधिकारी के मुताबिक आईटी सेक्टर की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसको देखते हुए फिलहाल पांच बड़े भूखंडों की योजना शुरू करने की तैयारी चल रही है। बड़ी कंपनियों के आने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं, उद्योगों के लिए भी 39 भूखंडों की योजना शुरू की गई थी। इससे भी भारी भरकम निवेश आने की संभावना है।

**नोएडा में भी आएगी योजना:** इसके अलावा नोएडा में भी औद्योगिक भूखंडों की लाई योजना के तहत आवंटन प्रक्रिया होने के साथ नए भूखंड आएंगे। वहीं सेक्टर-164 में छह आईटी व आइटीईएस भूखंडों की योजना आने जा रही है। इसके लिए सेक्टर में चल रहा जमीन विवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जिसके बाद यहां आने वाले भूखंड 6 हजार वर्गमीटर तक के होंगे। जिनका आवंटन यूनीफाइड पॉलिसी के तहत किया जाएगा।

# ट्रक की टक्कर से मां की मौत और बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख क्षेत्र में जीटी रोड पर लाल कुआं के समीप रविवार को बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे को हल्की चोट आई। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग गया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से स्याना बुलंदशहर के रहने वाले पुष्पेंद्र रविवार को अपनी मां कस्तूरी देवी के साथ बाइक से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना बुजुर्ग गांव आ रहे थे। जीटी रोड पर लाल कुआं के समीप शाम को बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में कस्तूरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पुष्पेंद्र को हल्की चोट आई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि इस मामले में घायल पुष्पेंद्र की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# आत्मनिर्भरता से ही देश और समाज होगा मजबूतः प्रशांत कुमार

**समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में प्रबुद्धजन सम्मेलनों का हुआ आयोजन**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्व आईपीएस प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी सौरभ बाबू, पूर्व आईएएस रामाशंकर मौर्य, आईवीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक अशोक कुमार वर्मा, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक अधिकारी अशोक कुमार अरविन्द आदि प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में सोमवार को विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 एवं समृद्धि का शताब्दी वर्ष विषय पर छात्र व अध्यापकों के साथ इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के अटल सभागार एवं अर्बन हाट में उद्यमियों, व्यापारियों व शिल्पकारों से संवाद स्थापित किया गया।

आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत/विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अन्तर्गत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक प्रबुद्ध समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जाएगा।

इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेंट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास आईटी एवं इमेजिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा, जिस हेतु कोई भी जनमानस ीजजचेः//उंतजीनजजंतचतंकमेी.नच. हवअ.पद पर क्यूआर स्कैन करके अपना बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु एक महीने तक सुझाव संकलन अभियान चलेगा। सर्वश्रेष्ठ सुझावों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व आईपीएस प्रशांत कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि 2017 से अब तक हुए परिवर्तन को मैंने खुद देखा है आज हम संवाद से समाधान निकालेंगे और अपनी पॉलिसी को इस प्रकार से बनाएंगे क्योंकि भयमुक्त समाज के अभाव में कोई विकास संभव नहीं है। पहले दंगे होते थे और सामाजिक असुरक्षा के कारण कोई भी व्यक्ति प्रदेश में इंवेस्टमेन्ट करने को तैयार नहीं था लेकिन अब 45 लाख करोड़ के इन्वेस्ट इनरोल है और 10 लाख करोड़ का इंवेस्टमेन्ट हो चुका है। 02 लाख 19 हजार लोगों को सीधी भर्ती पुलिस में पारदर्शी तरीके से की गयी है। 600 महिला आरक्षियों का प्रशिक्षण अकेले बरेली जनपद में हो रहा है। विश्व का सबसे बड़ा सिविल सुरक्षा बल उत्तर प्रदेश का है। आज 33 हजार महिलाएं पुलिस बल में शामिल हैं। यदि हम मात्र पिछले डेढ़ वर्ष का आंकड़ा देखें तो 1 लाख 5 हजार लोगों को सजा दिलायी गयी है, जिसमें 70 मृत्युदंड है। पहले 30-30 साल से माफिया राज कर रहे थे उनकी 144.31 बिलियन की सम्पत्ति ध्वस्त की गयी है। सरकार का अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टोलरेंस का नारा है। आप लोगों ने देखा कि किस प्रकार 66 करोड़ लोग कुम्भ में आएं अंतराष्ट्रीय स्तर पर मुख्यमंत्री जी ने इसे ले गये। इस विकसित भारत/प्रदेश के विजन में आपका सहयोग अपेक्षित है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/ नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू ने जीडीपी के बारे में बताया। 01 लाख 36 हजार करोड़ का पेमेंट किसानों को दिया गया है। वर्तमान में 22 एक्सप्रेस वे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल एरिया में विकास हुआ। प्रदेश में 05 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हुआ हैं। स्कूली शिक्षा, उच्चतर शिक्षा/तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है। छात्र/छात्राओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। एनआरआईएफ की रैंकिंग में सुधार आया है।

उद्यमियों द्वारा व्यापार के संदर्भ में ऋण उपलब्ध कराने के संबध में बैंक नीतियों की समीक्षा करने, 15 प्रतिशत डेवलपमेंट चार्ज हटाने, लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड करने या लीज अवधि 40 वर्ष से हटाकर पुनः 99 वर्ष करने के सुझाव दिये गए।इस अवसर पर डीआईजी राजकुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, वाइस चांसलर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी वाईडी आर्या, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त उद्योग सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रास्ते में अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने को लेकर एसएसपी से की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे की गलियां दिन व दिन अवैध निर्माण के कार्य के कारण तंग होती जा रही है जिस कारण लोग परेशान है।

इसी तरह का एक मामला सामने आया है यहां गौसिया मस्जिद वार्ड 14 वाली गली में मेंहदी हसन के परिवार द्वारा अवैध निर्माण कार्य सड़क पर करवाया जा रहा है इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग राहगीरों ने की है ताकि आवागमन में परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस मामले की शिकायत असद अंसारी ने एसएसपी से करते हुए इस अवैध निर्माण पर रोक व कार्यवाही की मांग की है।

### एडीएम और एसपी देहात ने सुनीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम पूर्णिमा सिंह और एसपी देहात मुकेश चन्द्र मिश्र ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। किसानों ने केसर चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने की मांग की। किसानों का आरोप है कि चीनी मिल प्रबंधन अपनी बेश कीमती जमीनों को लगातार बेच रहा है, लेकिन उस जमीन को बेचकर इकट्ठा किया गया पैसा भी किसानों को नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने राशन कार्ड न बनने की शिकायत भी दर्ज कराई। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 शिकायतें पहुंची, जिसमें से चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कस्बे में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिकाओं को प्रतिदिन दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की विस्तार से जांच की ताकि स्वस्थ और पौष्टिक आहार सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का भी गहन निरीक्षण किया गया जिससे बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर पुष्पा पांडेय ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया और उन्हें इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सतर्कता के बारे में समझाया।

साथ ही उन्होंने बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीकी शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी, जिससे वे आधुनिक तकनीक की समझ विकसित कर सकें और भविष्य में इसका सही उपयोग कर सकें। पुष्पा पांडेय ने बालिकाओं से उनके व्यक्तिगत और शैक्षणिक समस्याओं को भी सुना और विद्यालय प्रशासन से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन लिया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा और सहयोग प्रदान किया।

# वित्तीय समावेशन अभियान के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक ने लगाए विशेष शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पंजाब एंड सिंध बैंक प्रधान कार्यालय नई दिल्ली के महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ने सोमवार को बरेली अंचल का दौरा किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के तहत सामाजिक सुरक्षा योजनाओं , प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री जन धन योजना की जानकारी पात्र नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। यह महत्वपूर्ण अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। बैंक की परसाखेड़ा, रसूला चौधरी गुलरिया महानगर शाखाओं में विशेष शिविर आयोजित किए गए जिनमें महाप्रबंधक गोपाल कृष्ण ने उपस्थित ग्राहकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बरेली आंचलिक कार्यालय के आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर, मुख्य प्रबंधक प्रेम प्रकाश, अमित मोहन अस्थाना तथा शाखा प्रबंधक परसाखेड़ा अरुण कुमार भी उपस्थित रहे।

इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और सरकार द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों के लाभों एवं पात्रता संबंधी जानकारी प्राप्त की। पंजाब एंड सिंध बैंक इस अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक वित्तीय योजनाओं को पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक 16 सितम्बर को, खण्ड विकास अधिकारी ने जारी किया एजेंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नवाबगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक 16 सितम्बर को दोपहर डेढ़ बजे होगी। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बैठक में क्षेत्र के विकास को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। खण्ड विकास अधिकारी ने बैठक का एजेंडा जारी करते हुए सभी ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों के साथ ही जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### अवर अभियंता का हुआ तबादला नीरज कुमार पाल नए जेई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कुछ दिनों से एसडीओ और जेई के बीच चली आ रही खींचतान का सोमवार को पटाक्षेप हो गया, विभाग ने अवर अभियंता का बरेली तबादला कर दिया। कस्बे के अवर अभियंता साबिर खां और एसडीओ राजेन्द्र सिंह के बीच पिछले काफी दिनों से खींचतान मची हुई थी, विगत दिनों अवर अभियंता साबिर खां द्वारा नगर पालिका परिषद के एक सभासद अनुज पाठक और उनके कुछ साथियों द्वारा विजली घर कार्यालय में ताला लगाए जाने को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तब से दोनों के बीच खाई और लम्बी हो गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य अभियंता वितरण ज्ञानप्रकाश द्वारा जारी किए गए अपने आदेश पत्र में अवर अभियंता साबिर खां को नवाबगंज उपकेंद्र से बरेली स्थानांतरित किए गए हैं। उनके स्थान पर मुख्य कार्यालय में तैनात नीरज कुमार पाल को कस्बे का नया अवर अभियंता बनाया गया है।

# बहेड़ी से उमराह के लिए रवाना हुआ ऐतिहासिक काफिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर से 50 जायरीनों का एक बड़ा और ऐतिहासिक काफिला उमराह के मुकद्दस सफर पर रवाना हुआ। इस काफिले में व्यापार मंडल के प्रमुख सदस्य मोहम्मद नईम, हाजी अजीम चिश्ती सहित शहर के कई अन्य लोग और उनके परिवारों के लोग शामिल थे।

इस बड़े समूह को विदाई देने के लिए राजनेताओं, समाजसेवियों और सभी समुदायों के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जायरीनों को फूल-मालाओं से लादकर विदा किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सलीम रहबर के नेतृत्व में मीडिया प्रभारी वसीम आइडिया, उपाध्यक्ष बबलू अमीर, उमर रशीद, युवा अध्यक्ष नदीम फैंसी, तैयब कासमी, हाजी इरशाद और जलीस शाहजी समेत कई पदाधिकारी और सदस्य जायरीनों से मिले और उनके लिए दुआएं कीं।

इस पवित्र यात्रा के साथ एक और खास मौका जुड़ा है। जायरीन हाजी अजीम चिश्ती साहब का निकाह मदीना शरीफ में होने वाला है, जिसके लिए सभी ने उन्हें दिली मुबारकबाद दी। सभी ने एक स्वर में दुआ की, अल्लाह उनके हर कदम पर अपनी रहमत बरसाए और उनका उमरा कबूल फरमाए।

# भागवत कथा के आयोजन से दूसरे समुदाय के लोगों में गुस्सा

**सीओ और कोतवाल को पत्र सौंप की कार्रवाई की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव में भागवत कथा का आयोजन किए जाने से दूसरे समुदाय के लोगों में भारी गुस्सा है। इससे नाराज दूसरे समुदाय के लोगों ने सीओ और कोतवाल को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के फाजिलपुर गांव में 10 दिन पूर्व बृहमदेव स्थल की दीवार के निर्माण को लेकर गांव में तनाव के हालात बन गए थे। गांव में पीएसी बल तैनात किया गया है, एक समुदाय के लोगों ने दीवार का निर्माण करा डाला था। जिसके बाद गांव में अधिकारियों के डेरा डालने के साथ ही गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया था। अब गांव में एक समुदाय के लोग भागवत कथा का आयोजन कर रहे हैं। जिसे लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। गांव के नाराज अजमत अली, अनीस अहमद, मोहम्मद कलीम, नाजिर हुसैन, साजिद, मुश्ताक, दिलशाद, मोहम्मद अखलाक अंसारी, मोहम्मद यासीन, शमशुल हसन, नाजिम, फईम हुसैन आदि ने सीओ और कोतवाल को शिकायती पत्र देकर बिना अनुमति के किए जा रहे धार्मिक आयोजन पर तत्काल रोक लगाए जाने के साथ ही कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में पहले से भागवत कथा होती थी, उसका ही आयोजन किया जा रहा है। दूसरे पक्ष के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। दोनों पक्षों के लोगों को बातचीत के लिए बुलाया गया है। दोनों पक्षों की सहमति से इसका हल निकाला जाएगा।

## पुलिस ने किशोरी और दूसरे समुदाय के युवक को किया बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो दिन पहले दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ फरार हुई एक किशोरी को पुलिस ने प्रेमी के साथ बरामद कर लिया। पुलिस ने जहां किशोरी को मेडिकल परीक्षण को बरेली भेजा है, वहीं युवक को हवालात में डाल दिया। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। घटना की रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज कराए जाने के बाद सोमवार को पुलिस ने किशोरी और दूसरे समुदाय के युवक को बरामद कर लिया। पुलिस ने जहां किशोरी को मेडिकल परीक्षण को बरेली भेज दिया है, वहीं युवक को हवालात में डाल दिया।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बीते दिनों भारी बारिश के चलते देश के कई जगहों पर बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। जिसमें लोगों का घर परिवार सब कुछ नष्ठ हो गया है, लोगों की जमीन, परिवार, बच्चे, जानवर और अनाज सब बहकर चला गया है। सबसे अधिक बाढ़ ने पंजाब में कहर ढाह कर लोगों को तबाह कर दिया है। जब भी देश में कोई विपत्ति आई है तो सबसे पहले सिख समुदाय ने आगे आकर सेवा की है।

इस पीड़ा को महसूस करते हुए नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थान मेरी चिल्ड्रेन एकाडेमी ग्रुप आफ स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आंनद सैसमन ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करने को लोगों से आगे आने की अपील की है, क्षेत्र के लोग एक जुट होकर इस मुश्किल घड़ी में बाढ़ पीडितों की मदद की जाये, इस पुनीत कार्य के लिये उन्होंने अपना एक क्यूआर कोड जारी किया गया है। जिसमें सार्मथ के अनुसार दान कर सकते हैं।

आपके द्वारा किया गया दान किसी बाढ़ पीड़ित परिवार की मदद कर पुनीत कार्य में भागीदार बनें। इसके साथ ही अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के वरिष्ठ सदस्य खुर्शीद अहमद अंसारी ने कस्बे की सभी मस्जिदों में ऐलान कराकर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करने को आगे आकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वह अधिक से अधिक धन जुटाकर पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजेंगे।

# बुनियादी शिक्षा की मजबूती को दिए टिप्स




**ब्लॉक संसाधन केन्द्र रिछा पर परिषदीय शिक्षकों की कार्यशाला में समझाई बारिकियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** निपुण भारत मिशन अंतर्गत बुनियादी शिक्षा और गणित पर आधारित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे और पांचवें बैच का शुभारंभ बीईओ जगदीश कुमार के निर्देशन में सोमवार को हुआ।

पांच दिवसीय एफएलएन कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रशिक्षक बलवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यशाला की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रशिक्षक हरीश कुमार ने ज्ञान समीक्षा एप, निपुण प्लस ऐप एवं प्रशिक्षक उवैस खान ने कक्षा तीन की पुस्तक वीणा के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षिका प्राची सक्सेना ने कार्यशाला में हुई परिचर्चा में हिस्सा लिया और बुनियादी शिक्षा पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर शिक्षिका प्राची सक्सेना, जेबा खान, आशिका सचान, लेखाकार इमरान खान, अनुज कुमार गंगवार आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# टैम्पो-बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दावत खाकर बाइक से घर लौट रहे युवक की बाइक सामने से आ रहे टैम्पो से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठे दो बच्चे और टैम्पो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों का बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक त्रिवेनी पुत्र बाबूराम उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम मानपुर का निवासी बताया जाता है। मृतक के भतीजे राजवीर ने बताया कि रविवार शाम लगभग 6 बजे उनके चाचा त्रिवेनी अपने दो बच्चों लवेश व मानवी के साथ बहेड़ी से दावत खाकर बाइक से घर लौट रहे थे। बहेड़ी शीशगढ़ रोड पर गांव दौलतपुर के निकट सामने से आ रहे टैम्पो से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार त्रिवेनी दोनों बच्चों सहित घायल हो गए। उधर टैम्पो पर सवार भी घायल हो गए सभी घायलों को इलाज को बरेली लाया गया।

गंभीर रूप से घायल त्रिवेनी की रास्ते में मौत हो गई। बाकी दोनों बच्चों व थ्री व्हीलर सवार का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा हैं।

## फर्राटे से दौड़ते टैम्पो ई-रिक्शा बन रहे दुर्घटना का कारण

**शीशगढ़।** बहेड़ी मार्ग पर चलने वाली निजी बसों का संचालन पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा है, जिस कारण इस मार्ग पर अब टैम्पो व ई रिक्शा ने मार्ग पर अपना कब्जा जमा लिया है। टैम्पो व ई रिक्शा तेज रफ्तार से फर्राटे भर रहे हैं। इनकी संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। बढ़ती संख्या से सड़क पर छोटे वाहनों जैसे बाइकों को साइड भी नहीं मिल पाती है। तेज रफ्तार ही दुर्घटना का सबब बनती जा रही है। आरटीओ भी पूरी तरह चुप्पी साधे बैठे हैं।

### आईटी की नौकरी छोड़ जालसाज बन खूब बेचा आधार कार्ड बनाने का फर्जी सॉफ्टवेयर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आधार कार्ड बनाने का फर्जी साफ्टवेयर बेचकर ठगी करने वाले शातिर आरोपी को रविवार को एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बिहार, गुजरात और बंगाल समेत कई राज्यों में दो हजार से अधिक लोगों को फर्जी साफ्टवेयर बेचकर ठगी कर चुका था। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर एसटीएफ की टीम पूछताछ कर रही है। एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली के अपर पुलिस अधीक्षक अब्दुल कादिर ने बताया कि काफी दिनों से प्रदेश के कई जनपदों में आधार कार्ड बनाने का फर्जी साफ्टवेयर बेचने की सूचना मिल रही थी। इसे लेकर जिले में एसआई अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। उसके बाद टीम ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर निवासी जयवीर गंगवार को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की टीम को उसके पास से एक लैपटॉप, मोबाइल, दो कूट रचित आधार कार्ड के साथ चार एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसटीएफ की पूछताछ में आरोपी जयवीर ने बताया कि उसने कंप्यूटर साइंस से बीटेक किया है। वह नोएडा की आईटी कंपनी में नौकरी कर रहा था। जहां उसने आधार कार्ड बनाने का फर्जी साफ्टवेयर तैयार करके ठगी करने की योजना बनाई। इसके बाद वह कंपनी छोड़कर घर आ गया। फर्जी साफ्टवेयर तैयार करके उसे बेचने के लिए फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुपों में विज्ञापन शेयर करने लगा। वह एनीडेस्क के माध्यम से खरीदने वालों के कंप्यूटर में फर्जी साफ्टवेयर इंस्टाल कर देता था। इसके बाद वह उन लोगों को आईडी पासवर्ड भी देता था। इसके बदले में वह 1000 से लेकर 1500 रुपये तक लेता था। पुलिस के अनुसार, जयवीर ने बताया कि फर्जी साफ्टवेयर जिन लोगों के द्वारा खरीदा जाता था उनके कंप्यूटर पर यह खुलता नहीं था। इस पर वह लोग फोन करके साफ्टवेयर नहीं खुलने की शिकायत करते थे। इसके बाद वह उसने पैसों की मांग करता था। पैसे मिलने के बाद वह अपना नंबर बंद कर लेता था। आरोपी ने बताया कि पिछले दो साल में उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात समेत अन्य राज्यों में 2 हजार से अधिक लोगों को फर्जी साफ्टवेयर बेच चुका है।

# रेडिको खेतान कौशल विकास केन्द्र में बालिकाओं के लिए सोलर टेक्नीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रेडिको खेतान लिमिटेड द्वारा संचालित रेडिको खेतान कौशल विकास केन्द्र में सोमवार को बालिक. ाओं के लिए सोलर टेक्नीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) की चेयरपर्सन अनीता चौहान द्वारा किया गया।



इस अवसर पर अनीता चौहान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कौशल और नेतृत्व से समाज को दिशा दे रही हैं, और अब तकनीकी शिक्षा में भी उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण बन चुकी है। सोलर टेक्नीशियन का प्रशिक्षण न केवल एक तकनीकी ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि यह महिलाओं को ऊर्जा क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण और तेजी से बढ़ते उद्योग में अपनी पहचान बनाने का अवसर भी देता है। रेडिको खैतान का यह प्रयास लड़कियों को सिर्फ आत्मनिर्भर बनाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें समाज में समान अवसरों और हक के लिए जागरूक करने का भी है। आज हम जिस समाज में रहते हैं, वहां महिलाओं का योगदान हर क्षेत्र में अनिवार्य हो चुका है, और रेडिको का यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर उनके इस योगदान को प्रोत्साहित कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने का एक सशक्त मंच बन रहा है।

उन्होंने बालिकाओं को इस कोर्स में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सोलर ऊर्जा सब्सिडी योजनाओं के चलते सोलर टेक्नीशियनों की मांग में तेजी आई है और इस क्षेत्र में स्वरोजगार और नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। रेडिको के स्किल डेवलपमेंट सेंटर से अब तक लगभग 80 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी (अधिकांशतः युवक) सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ चुके हैं। अब बालिकाओं की भागीदारी से इस प्रयास को और अधिक सामाजिक संतुलन मिलेगा।



रेडिको खैतान लिमिटेड का यह प्रयास ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सार्थक योगदान दे रहा है।

इस अवसर पर रेडिको के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने जानकारी दी कि सीएसआर चेयरपर्सन चौहान ने अपना बहुमूल्य समय देकर इस कौशल विकास केन्द्र को आरम्भ किया। यह रेडिको खेतान का स्थायी प्रोजेक्ट है जो अनीता जी के मार्गदर्शन में उन्नति के पथ पर अग्रसर है द्य यह केंद्र रेडिको द्वारा तीन वर्ष पूर्व एक स्थान से प्रारंभ किया गया था, और आज यह सिविल लाइन्स, ज्वाला नगर, पनवड़िया ग्राम तथा फैजनगर ग्राम जैसे अनेक स्थानों पर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

इस शुभ अवसर पर रेडिको के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना, उप महाप्रबंधक इंदरपाल सिंह, स्किल सेंटर के अधिकारी शोभित गुप्ता, अमन सक्सेना सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कृषि राज्यमंत्री ने नवनियुक्त नौ कनिष्ठ सहायकों को बांटे नियुक्ति पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मो. हनलाल सैनी और जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित जनपद में 09 कनिष्ठ सहायकों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र वित. रित किये गये और उन्हें बधाई देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व समर्पण भाव से करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रदेश स्तर पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कराया गया।

## डीएम और एसपी ने किया सम्पर्क मार्गों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से हुए संपर्क मार्ग के कटान का स्थलीय निरीक्षण करने तहसील स्वार के ग्राम पसियापुर एवं मझरा चांदपुर पहुंचे।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि ग्रामीण जन की सुविधा, सुरक्षा व आवागमन को सुचारु रूप से करने के लिए तत्काल वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करायें।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणजनों से बात. चीत की और गांव में किसी भी प्रकार की जनहानि या पशुहानि के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिशासी अभियंता (सिंचाई) को जलस्तर कम होने के उपरांत कटान की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि भविष्य में सम्भावित बाढ़ की आशंका के दृष्टिगत पूर्व में ग्रामीणजनों को आवंटित किये गये पट्टों का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानान्तरित करने की कार्रवाई करें।

## विधायक ने शोरूम का किया फीता काटकर उद्धघाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** स्वार टांडा विधायक अपनी टीम के साथ नगर पालिका पहुँचे लोगों ने फूल मालाओं से विधायक जी का स्वागत किया काफी तादाद में लोग मौजूद थे. फीता काटने के बाद विधायक ने नगर पालिका की दुकानों का निरीक्षण किया वही उन्हें देखकर लोगो में काफी उत्साह दिखा. और विधायक जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे उन्होंने ने कहा में जनता के लिए हर समय तैयार हूं मेरे घर के दरवाजे मेरी जनता के लिए हर समय खुले हैं। आगे कहा कि ऐसे शोरूम हमारे क्षेत्र में खुलते रहें इससे लोगों को रोजगार और जनता को अच्छा सामान मिलेगा और लोग बाहर से खरीदारी ना करके अपने क्षेत्र में ही खरीदारी करे। इस दौरान शोरूम स्वामी अब्दुल्लाह आजम, फैजान बल्ली, हामिद अल्वी, अकील मेंबर, मारूफ पाशा, शादाब अंसारी, दीपक नागर सलहाकार, पंकज सैनी प्रतिनिधि, नबी अहमद, शब्बीर प्रधान हामिद प्रधान इरफान अल्वी, इदरीस पठान कार्यालय प्रभारी आदि मौजूद रहे।



## सड़क स्वीकृत होने पर मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट ने विधायक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर के मोक्ष धाम को जाने वाली सड़क कथन शासन द्वारा स्वीकृत कराने पर मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट ने क्षेत्रीय विधायक को सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह के अथक प्रयास से नगर के नवादिया मोड़ स्थित नहर नदी के पुल के किनारे से मोक्ष धाम तक मार्ग नव निर्माण कार्य 0.500 किलोमीटर 131.65 लाख की लागत से बनवाने का प्रस्ताव शासन को दिया गया था। जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हो गई है।

मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट मिलक जिला रामपुर के समस्त पदाधिकारीगण, सदस्यों एवं नगर की समस्त जनता की ओर से क्षेत्रीय विधायक का हार्दिक आभार एवं खुशी का इजहार किया गया। जिसके उपलक्ष्य में मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट मिलक के समस्त पदाधिकारी गण व सदस्यों के द्वारा (शाहबाद-मिलक) विधायक राजबाला सिंह व उनके पति दिलीप लोधी को स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिन्होंने इस असंभव कार्य को संभव बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया आपके द्वारा ट्रस्ट के मेंबरों से भेंट वार्ता की गई। जिसमें ट्रस्ट के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया जहां पर उपस्थित ट्रस्ट के अध्यक्ष के के शर्मा, उपाध्यक्ष डॉक्टर हरीश अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अशोक महेश्वरी, नत्थू लाल गंगवार, विनोद प्रकाश सक्सेना, पीयूष शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने तहसील स्वार में सुनीं जन शिकायतें

- शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं
- अवैध कब्जेदारों पर होगी कठोर कार्रवाई
- फार्मर रजिस्ट्री में छूटे किसानों का अभियान चलाकर करायें पंजीकरणः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 37 शिकायतें/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से संबंधित रहीं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को निर्देशित किया कि विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु शिविर (कैम्प) लगाकर लोगों की समस्याओं का निवारण यथाशीघ्र करायें। ग्राम पंचायत मोहब्बतनगर में चकमार्ग पर अवैध कब्जे कर पेड़ लगाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर चकमार्ग की पैमाइश कर अवैध कब्जा हटाने तथा एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, उन्हें विशेष अभियान चलाकर तुरंत पंजीकृत किया जाए, जिससे भविष्य में उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित न होना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों, अवैध कब्जों एवं अपराध संबंधी मामलों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।

जनता की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी प्रकार तहसील मिलक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई और 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसके अतिरिक्त तहसील टाण्डा में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतें प्राप्त हुई और 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील शाहबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 10 शिकायतें प्राप्त हुई और 01 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## मछली मारने गए युवक की कोसी नदी घाट से बाइक चोरी

- चौकी पुलिस को चोरी की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव जमना जमनी के जंगल से कोसी नदी घाट से मछली मारने गये यूवक की मोटरसाइकिल चोरी होगई वहा पर मौजूद लोगो ने आस पास काफी तलाश किया लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नही चल पाया यूवक ने मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दी है।

मेहमूद हसन पुत्र अला उद्दीन निवासी भूवरा अपनी मोटरसाइकिल से जमना जमनी के जंगल मे कोसी नदी घाट पर मछली पकड़ने गया था वह अपनी मोटरसाइकिल कुछ दूर खड़ी कर कोसी नदी घाट पर मछली पकड़ने लगा कुछ देर के बाद जब वह अपनी खड़ी मोटरसाइकिल देखने गया तब वहा पर मोटरसाइकिल मौजूद नही थी।

मोटरसाइकिल न देख उसके होश उड़ गए इसकी जानकारी उसने आस पास मछली पकड़ रहे लोगो को दी वहा पर मौजूद लोगो ने मोटरसाइकिल को गन्ने के खेतो मे ओर आस पास काफी तलाश किया लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नही चल पाया।

मेहमूद हसन ने मोटरसाइकिल चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में कनिष्ठ लिपिक के पद चयनित होने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों ने धर्मवीर सिंह अध्यापक (बेसिक शिक्षा विभाग) निवासी ग्राम फैजनगर (रामपुर) आवास पहुंचकर दलित समाज में जन्मे जुड़वा दोनों सगे भाई बहन आशुतोष कुमार एवं कुमारी सुरभि का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में कनिष्ठ लिपिक के पद चयनित होने पर गौतम बुद्ध एवं बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की फोटो देकर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

आशुतोष कुमार एवं कुमारी सुरभि ने कनिष्ठ लिपिक( स्वास्थ्य विभाग ) बनकर बहुजन समाज ही नहीं अपितु पूरे जिले का नाम रोशन किया। दोनों की शिक्षा भी समान है क्षेत्र एवं गांव में खुशी का माहौल है बहुजन समाज को इन पर गर्व है तथा समाज के बच्चे इनसे अपेक्षा करते हैं कि जो ज्ञान आपके पास है उस ज्ञान को गरीब बच्चों में भी शेयर करने का काम करेंगे ऐसी उम्मीद और आशा है तथा बहुजन समाज को आप पर गर्व है आपकी मेहनत एवं प्रेरणा से बहुजन समाज के युवाओं को सीख लेनी चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में शिक्षा को हासिल करना हमारे समाज के लिए सर्वोपरि महत्व है। शिक्षा ही तरक्की के सारे मार्गों की चाबी है यह चाबी कभी खोनी नहीं चाहिए। शिक्षा को हासिल करना हम सबका दायित्व हो। शिक्षा ही अनमोल रतन है पढ़ने का जतन सबको करना होगा तथा महापुरुषों की विचारधारा पर चलकर ऐसे ही शिक्षा हासिल कर अपने उन्नति के मार्ग पर बढ़ते रहें। यही मंगल कामना है।



एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल, प्रदेश सचिव राज. ेश खन्ना, मंडल प्रभारी सुरेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अशोक बाबू, शंकर लाल, धर्मवीर सिंह, रामेश्वर सिंह, शंकर लाल आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया क्षमा वाणी पर्व, निर्मल भाव और करुणा का संदेश दिया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** नगर के प्रसिद्ध श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में क्षमा वाणी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार जैन ने की, जबकि संचालन प्रमोद कुमार जैन ने किया। पूरे मंदिर परिसर को सुंदर सजावट से सजाया गया था और वातावरण में भक्ति, सौहार्द व आत्मचिंतन का अनुपम भाव देखने को मिला।

इस अवसर पर विशेष रूप से इन्दौर से पधारी ब्रह्मचारिणी बहन श्रद्धेय बबीता दीदी एवं ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी ने श्रद्धालुओं को प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमें मन को निर्मल बनाकर चलना चाहिए। मन में कोई बैर, द्वेष या कटुता न रखें। क्षमा का भाव ही आत्मशुद्धि का मार्ग है। जब हम दूसरों को क्षमा करते हैं तो वास्तव में अपने मन को भी हल्का करते हैं और शांति की ओर बढ़ते हैं।



कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप जैन, योगेश जैन, नरेश जैन, अजय सेठी, अंजु जैन, वर्षा, रेखा जैन, मीनू, अनीता जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षमा वाणी का महत्व समझा और इसे अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

मंदिर में भक्तों ने एक-दूसरे से क्षमा मांगकर पुराने मनमुटावों को समाप्त करने का संकल्प लिया। अंत में सामूहिक प्रार्थना कर विश्व में शांति, प्रेम और करुणा का संदेश फैलाने की कामना की गई। यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि आत्मिक उत्थान का एक प्रेरणादायी अवसर बन गया, जहाँ सभी ने क्षमा के माध्यम से जीवन को सरल, संतुलित और सुखमय बनाने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की संकल्पना को साकार करने की कवायद

**जनपद में किया जायेगा दो दिवसीय गोष्ठी का आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि विकसित भारत-2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के मा.मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश को समर्थ उत्तर प्रदेश-विक. सित उत्तर प्रदेश-2047 तक विक. सित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध, समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जायेगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डाक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डक्यूमेंट तीन थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आई०टी० एवं इमजिंग प्रोद्यौगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में प्रदेश स्तर से नामित 04 प्रबुद्धजनों नंद कुमार मिश्रा, सेवा. निवृत, आई०पी०एस०, डॉ० ए० के० जेटेली, सेवानिवृत आचार्य महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय, बरेली, डॉ० मयंक कुमार राय, कार्यरत, प्राध्यापक, सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौघ्योगिक विश्वविघ्यालय, मेरठ और श्री भागवत यादव, सेवानिवृत, मुख्य अभियन्नता (स्तर-1) यूपीपीसीएल द्वारा जनपद में 11 व 12 सितम्बर, 2025 (प्रस्तावित) 02 दिवसीय प्रवास कर श्समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047श अभियान की जन जागरूकता हेतु विभिन्न लक्षित समूहों (छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयंसेवी संगठन, श्रमिक संगठन, मीडिया, आम जनमानस इत्यादि) के साथ विगत 08 वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए राज्य के विकास हेतु रोड मैप पर चर्चा की जायेगी तथा उनसे फीडबैक प्राप्त किया जायेगा।

नामित प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में 11 व 12 सितम्बर को गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने आमजनमानस से अपील की है कि समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 बनाने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने सुझाव व फीडबैक ीजजचे://ेंउंतजीनज. ज ंतचत ंकम ेी.नच.हवअ. पद/डवइपसमभ्वउम.ेंच० लिंक पर दे सकते हैं।

## अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के खिलाफ अभियान में 11 वाहन सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा जनपद में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत यात्रीकर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने यातायात पुलिस के सहयोग से रोडवेज बस अड्डा से आम्बेडकर पार्क तक मानक विहीन व अनधिकृत रूप से संचा. लित यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान में 06 यात्री वाहनों पर कार्रवाई करते हुए रोडवेज बस अड्डा के परिसर में बंद किया गया। इसके अतिरिक्त पीटीओ ने बताया कि ओवरहीइट लकड़ी से भरे 05 ट्रकों को बिलासपुर मंडी में सीज किया गया।

## स्मार्ट मीटर के स्थान पर सामान्य मीटर लगाए बिजली विभागः उस्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाअधिकारी सदर कुमार गौरव को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने यूरिया की कालाबाजारी रोकने राशन कार्ड धारकों को राशन वितरित करने पहाड़ी गेट से अवैध लकड़ी मंडी हटाने और उद्यान विभाग के घोटाले की जांच करने आदि मांगे शामिल हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जब से बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर लगना शुरू किए हैं। उपभोक्ताओं का जीना दुश्वार हो गया है क्योंकि स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की अपेक्षा बहुत अधिक बिल आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कैमरी रोड पहाड़ी गेट पर विभिन्न धर्म कांटों के पास अवैध रूप से लकड़ी की मंडी लगाई जाती है जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी तकलीफ होती है। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद फैजान, फरहान नूर, विनोद कुमार, तहरीम मियां, अब्दुल वारिस, शेरा खान, दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# दुकान में घुसकर दुकानदार के बेटों से की मारपीट

## जिपं सदस्य पति समेत पांच पर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दुकानदार के बेटों के साथ दुकान में घुसकर मारपीट की, जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। जिपं सदस्य और ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी ने करीब 15 महीने साल पुरानी इस घटना घटना को झूठा साबित करने की कोशिश की। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से आहत दुकानदार सोमवार को घर में ही परिवार समेत आमरण अनशन पर बैठ गया। हरकत में आई पुलिस ने मामले में पांच अज्ञात हमलवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ लिखी रिपोर्ट**

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हटव्वा पट्टी से जुड़ा है। यहां संजीव कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने गांव में ही एक किराए की दुकान ले रखी है, जिसमें वह चारपाई बुनकर बेचते हैं। 8 जून 2024 में उनका बेटा मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह दुकान पर बैठे हुए थे। उनकी दुकान के बराबर में एक कैंटीन भी खुली हुई है। इस दौरान पांच युवक वहां आए और मनदीप सिंह और वीरदीप सिंह के साथ मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। घटना के बाद संजीव कुमार ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने उनकी कोई सुनवाई नहीं की। आरोप है कि पूर्व प्रधान व वर्तमान में जिपं सदस्य पद के प्रत्याशी अब्दुल सत्तार और ग्राम प्रधान प्रत्याशी चमन ने घटना को झूठा ठहरा दिया। इसके बाद संजीव कुमार पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे लेकिन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। कार्रवाई नहीं होने से आहत होकर वह सोमवार को घर में ही पत्नी और बच्चों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए। जानक. ारी पर पुलिस में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह मौके पर पहुंचे। कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिवार को अनशन से उठाया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# मछली पकड़ने गया युवक गंगा में डूबा

## गोताखोरों ने बरामद किया शव, परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गंगा से मछली पकड़ने गया युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। घंटो कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने डूबे हुए युवक की लाश को पानी से बाहर निकाल लिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी 30 वर्षीय राजेंद्र पुत्र चरन सिंह रविवार की देर शाम गंगा बांध के नजदीक धौरिया बिड़ला गंगा घाट पर अपने साढू श्याम सिंह तथा भुवनेश निवासी झुरेरी के साथ मछली पकड़ने के लिए गया था। इस दौरान वह अचानक गंगा में बाढ़ के पानी में डूब गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने गंगा में डूबे युवक की तलाश शुरू कराई। लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार की सुबह कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 30 वर्षीय राजेंद्र का शव गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया। जिससे परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। मृतक के भाई ओम सिंह ने बताया कि गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे भाई की लगातार तलाश कराई जा रही थी। इसके बाद गंगा से गोताखोरों द्वारा भाई का शव बरामद कर लिया गया। मृतक अपने पीछे डेढ़ माह की बेटी रचिता, 8 साल का बेटा अभिषेक के अलावा पत्नी दयावती को रोते बिलखते छोड़ गया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जा रहा है। परि. जनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# विवादों में घिरे दरोगा को कोट चौकी से हटाया

## गुफरान के मामले में उछला था नाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विवादों में घिरे दरा. ेगा सतेंद्र नागर को एसपी ने कोट चौकी से हटा दिया है। उन्हें अब थाना सैदनगली भेजा गया है। हैंडलूम कारोबारी गुफरान की आत्महत्या से जुड़े केस में उनका नाम खूब उछला था। आत्मघाती कदम उठाने से पहले बनाई गई वीडियो में गुफरान ने आरोपियों द्वारा खुद को कोट चौकी में प्रताड़ित करने के अलावा दरोगा सतेंद्र के सामने गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। गुस्साए परिजनों ने मामले में दी गई तहरीर में आरोपियों में दरोगा सतेंद्र नागर का भी नाम लिखा था लेकिन पुलिस अफसरों ने दबाव बनाकर दूसरी तहरीर लिखवा ली थी। वहीं, गुफरान के परिजनों ने मुलाकात के दौरान एसपी अमित कुमार आनंद व एएसपी अखिलेश भदौरिया से दरोगा सतेंद्र नागर की शिकायत करते हुए आत्महत्या प्रकरण में उनकी भूमिका की जांच कराने की मांग की थी। इतना ही नहीं गुफरान की आत्महत्या की खबर मिलने पर घर पहुंचे दरोगा सतेंद्र नागर ने आरोपियों को बचाने के लिए बिना पोस्टमार्टम शव सुपुर्देखाक करने की तहरीर भी परिजनों से लिखवा ली थी लेकिन दो दिन बाद सामने आए एक वीडियो और सुसाइड नोट ने खेल बिगाड़ दिया था। परिजनों ने दरोगा पर मृतक गुफरान की जेब में रखे 35 हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया था। वहीं, रविवार देर रात पुलिस कार्यालय से जारी सूची में एसपी ने दरोगा सतेंद्र नागर से कोट चौकी का चार्ज छीन उन्हें थाना सैदनगली भेज दिया। इसके अलावा चार अन्य दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया।

**चौकी में बुलाकर मृतक को धमकाने का आरोप**

# मासूम से कुकर्म के दोषी को उम्रकैद

## अदालत ने 16 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मासूम से कुकर्म के दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास के अलावा 16 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

9 नवंबर 2024 की घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ी थी। यहां रहने वाले एक किसान का पांच वर्षीय मासूम बेटा रोजाना की तरह घर के आगे खेल रहा था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले किसान चंद्रपाल सिंह के घर में नौकरी करने वाला मध्य प्रदेश के जिला रिवा का रहने वाला अर्जुन उर्फ बहरा बच्चे को बहला-फुसलाकर पास में ही एक गन्ने के खेत में ले गया था। जहां उसने बच्चे के साथ कुकर्म किया था। जानकारी पर पीड़ित बच्चे के चाचा और परिवार के अन्य सदस्य शिकायत लेकर किसान चंद्रपाल सिंह के घर गए तो अर्जुन उर्फ बहरा ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले में पीड़ित बच्चे के चाचा ने पड़ोसी चंद्रपाल सिंह और उनके नौकर अर्जुन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नौकर अर्जुन उर्फ बहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में विवेचना के दौरान पुलिस ने चंद्रपाल सिंह का नाम निकालकर आरोपी नौकर अर्जुन के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी कर रहे थे। सोमवार को कोर्ट में मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने अर्जुन उर्फ बहरा को दोषी करार दिया। उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### एम्बुलेंस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी मुजम्मिल पुत्र अलाउद्दीन सोमवार को बाइक पर सवार होकर संभल अड्डे की तरफ से गजरौला की दिशा को आ रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक झकड़ी अड्डे के नजदीक पहुंची तो अचानक संभल अड्डे की तरफ को जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित निजी एंबुलेंस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस चालक फरार हो गया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। परिजनों द्वारा घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। भीड़ के द्वारा एंबुलेंस को कब्जे में लिया गया है। फिलहाल मामले में अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है।

# मायके आई विवाहिता से छेड़खानी का आरोप

## दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मायके आई विवाहिता से छेड़छाड़ की घटना सामने आई हैं। पीड़िता बाजार से सामान लेने जा रही थी तभी आरोपियों ने बुरी नजर से हाथ पकड़कर खींच लिया। राहग. ीरों की भीड़ लगती देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। मामले में आरोपी दो युवकों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।


नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने करीब एक साल पूर्व अपनी बेटी की शादी बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ तय की थी। करीब 20 दिन से विवाहिता अपने मायके आई हुई थी। घटना बीती 6 सितंबर की दोपहर की है। विवाहिता गांव में ही एक दुकान से सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में मिले गांव के रहने वाले जुनैद ने हाथ पकड़ते हुए बुरी नीयत से दबोच लिया, साथ में उसका दोस्त जुगनू भी था। विरोध करने पर दोनों गाली-गलौज व मारपीट की। शोर मचाने पर राहगीर रुक गए, जिन्हें जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता का आरोप है कि जुनैद पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दे चुका है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में आरोपी जुनैद व जुगनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## एक नजर

### समाधान दिवस पर चार शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में हुआ। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। सुबह से ही फरियादी अपनी समस्याएं लेकर सभागार पहुंचे। जमीन पर कब्जा, पुलिसिया उत्पीड़न, पेंशन, राशन कार्ड और नगरपालिका की लापरवाही जैसे मुद्दों पर जनता ने खुलकर अपनी बात रखी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, योगेश लोधी, एडीओ राजीव कुमार मौजूद रहे।

### लेखपाल पर जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। तहसील परिसर सोमवार को उस समय अफसरों के बीच चहल-पहल बढ़ गई, जब नगर के मोहल्ला विजयनगर निवासी बुजुर्ग डालचंद्र थैला लेकर तहसील पहुंचे। उन्होंने अफसरों के सामने पुराने प्रमाणपत्र और दस्तावेज रखकर कहा कि वह जन्म से हिंदू छीपी जाति के सदस्य हैं। इसके बावजूद हल्का लेखपाल ने बिना किसी जांच के उनके पौत्र का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया। बुजुर्ग डालचंद्र ने बताया कि उन्होंने पौत्र के जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन लेखपाल ने बिना किसी ठोस आधार और जांच के उसे निरस्त कर दिया।

### चोरी की तीन बाइकों के साथ चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कर पुर्जे बेचने वाले शातिर चोर शमशेर निवासी लिण्डरपुर, नूरपुर (बिजनौर) को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से तीन चोरी की बाइक, हीरो होंडा का कटा इंजन, साइलेंसर, सीट और अन्य पुर्जे बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में शमशेर ने बताया कि वह बाइक चोरी कर उनके पुर्जे अलग-अलग बेच देता था और पैसों से अपने शौक पूरे करता था। आरोपी के खिलाफ बिजनौर और मुजफ्फरनगर में लूट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर समेत नौ मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रवि कुमार समेत छह पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### लोक अदालत में अपने वाद निपटायें

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जनपद न्यायाधीश विवेक ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान किया है। बताते चलें कि 13 सितम्बर को जनपद न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन होगा। जिसके विषय में जानकारी देते जिला जज विवेक ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से वाद निपटाने में समय व धन दोनों की बचत होती है तथा किसी भी पक्ष की जीत-हार नहीं होती। इसलिए लोक अदालत का फायदा उठायें।

# भाकियू ने जोया-अमरोहा रोड जाम किया

## अधिकारियों के न पहुंचने पर भड़के किसान



अमरोहा। जोया-अमरोहा रोड पर जाम लगाते भाकियू कार्यकर्ता।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। किसानों की दर्जनों समस्याओं को लेकर भाकियू शंकर ने बड़ा मोर्चा खोलते हुए अधिकारियों के न पहुंचने पर किसानों धरने पर बैठ गये।किसानों के धरने पर बैठने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

किसानों की समस्याओं के लिए दिए जा रहे हैं धरने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी सदर, तहस. ीलदार, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी व सहायक अभियंता, जिला कृषि अधिकारी कृषि उपनिद. ेशक उप निबंधन सहकारी, सीओ धरना स्थल पर पहुंच गये। सभी बिंद. ुओं पर वार्ता कर समाधान करने का भरोसा दिलाया। मुख्य विकास अधिकारीको ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर जल्द निस्तारण नहीं हुआ तो वह आंदोलन की राह पकड़ने को मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि गंगा क्षेत्र में आई बाढ़ से धनोरा, हसनपुर और गंगेश्वरी क्षेत्र के किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। ऐसे में सरकार को तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देना चाहिये। किसानों ने चेतावनी दी कि गन्ना मूल्य 518 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाये। जो चीनी मिलें भुगतान नहीं कर रही हैं। उनके क्रय केंद्र काटकर समय से भुगतान करने वाली मिलों को दिये जाये।साथ ही मुरादाबाद मंडल के 5 लाख किसानों के हित में मध्य गंगा नहर फेज-2 में 6 किमी की रफ्तार से पानी छोड़ा जाये। किसानों ने साफ कहा कि अगर सरकार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती तो वह आंदोलन का बिगुल फूंकेंगे और इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर रामफल, सिंह भरत सिंह,रणवीर सिंह, नरेश सिंह, राम निवास, राक. ेश रतनपुर हरि सिंह प्रधान जी, अरुण कुमार, भजनलाल सिंह, राकेश रस्तौनी, सुंदर सिंह, जिले सिंह पीतम सिंह,आमिर हुसैन, प्रीतम सिंह सतपाल मौजूद थे

### शिक्षकों ने सीएम का आभार जताया



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। इंडियन इंटर कालेज के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षकों के लिए शुरू की गयी कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर आभार जताया। कालेज में हुई बैठक में प्रबंधक हाजी जीशान ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षकों के लिए जो यह योजना शुरू की है इसका प्रदेश के लाखों शिक्षकों को लाभ मिलेगा। बैठक में कौसर मेंहदी, नुरूल हसन, यासिर अली, अब्दुल जब्बार, एचके सिंह, आमिर सुहैल, शाहक. ार अब्बासी, सबा, जेबा, सुमैया आदि मौजूद रहीं।

# युवक से 18 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। साइबर लुटेरों ने युवक का रिश्तेदार बन कर फर्जी मैसेज डालकर 18000 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस को तहरीर दे दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी निवासी बॉबी शर्मा पुत्र विजय शर्मा को ठगी करने वाले गिरोह ने रिश्तेदार बनकर एक फर्जी मैसेज डाल दिया। उसके बाद तीन क्यूआर कोड भेज कर थोड़े-थोड़े करके 18000 रुपये डलवा लिए गये। बाद में जब युवक को फ्राड होने की हकीकत का पता चला तो उसके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। पीड़ित युवक ने बताया कि 2000 करके नौ बार साइबर लुटेरों ने पैसे क्यूआर कोड से डलवाये है। पुलिस को ठगी करने वालों के खिलाफ रविवार की तहरीर दे दी गई है।

# अतिक्रमण व कूड़े से पटा तालाब, सभासदों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तालाब पर कब्जा और गंदगी के कारण कलाली मार्ग के हालात खराब हो गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और ज्यादा भयावह हो जाती है। कई राहगीर फिसलकर घायल हो चुके हैं। मोहल्ले की महिलाओं और छात्राओं को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का अस्तित्व सिर्फ कागजों में रह गया है, जबकि जमीनी हकीकत बेहद खराब है। इसी समस्या को लेकर सभासद प्रशांक त्यागी, पूनम रानी और नूतन रानी ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि तालाब की तत्काल पैमाइश कराई जाए, अतिक्रमण हटवाया जाए और नगर पालिका से सौंदर्यकरण कराया जाए।सभासद प्रशांक त्यागी ने कहा तालाब अब नाम का रह गया है, मौके पर हालत बेहद दयनीय हैं। अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ जाएंगे। पूनम रानी ने कहा छात्राएं और महिलाएं रोज गंदे पानी से होकर गुजरती हैं, यह बेहद असुविधाजनक और अस्वास्थ्यकर है। नूतन रानी ने प्रशासन से आग्रह किया कि इस दिशा में तत्काल और ठोस कदम उठाए जाएं। सभासदों का यह भी कहना है कि बीती 2 अगस्त को भी इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है।

# धूमधाम से निकली जैन समाज की गजरथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**।श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार को गजरथ यात्रा महोत्सव का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। शोभायात्रा में नगर का माहौल पूरी तरह धर्ममय हो गया। इस दौरान देवराज इंद्र और इंद्राणी बनने का सौभाग्य डॉ. हर्षित जैन और दीक्षा जैन को मिला। भगवान को रथ पर विराजमान कराने का सौभाग्य विशाल जैन लोहे वालों को तथा रथ हांकने का दायित्व अनिल कुमार जैन गजरौला वालों को प्राप्त हुआ।

रथ यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर परंपरागत मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची, जहां समापन के बाद जिनेंद्र भगवान का अभिषेक हुआ। मटकी आयोजन, 24 तीर्थंकरों की झांकियां, शोभायात्रा का रथ, बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर भ्रमण के दौरान अग्रवाल सभा और नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर गजरथ यात्रा का स्वागत किया गया। अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वावधान में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने जैन समाज के अध्यक्ष और धर्मप्रेमियों को माला पहनाकर तथा तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष पंकज सिंघल, महिला अध्यक्ष सिम्मी अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अक्षय अग्रवाल, कुसुमलता गोयल, सोनिया अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं जैन समाज से डॉ. अनिल कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, इंद्र कुमार जैन, विनोद कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, नीरज जैन, विकास जैन, महावीर जैन, कौशल जैन, प्रेम जैन, संजीव जैन, स्वतंत्र जैन, अनमोल जैन, शिवम जैन, विपिन जैन, जीवन जैन, अनंत जैन, सिद्धार्थ जैन, विवेक जैन, दयानंद जैन, मोहित जैन, उमंग जैन, सिद्धांत जैन, दीपक जैन, नमन जैन, आदित्य जैन, आशीष जैन, संदीप जैन, वैभव जैन, सरला जैन, रेखा जैन, उषा जैन, मीनाक्षी जैन, दिव्या जैन, सरिता जैन, अनीता जैन, सीमा जैन, अमिता जैन, प्राची जैन, सुप्रिया जैन सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। रथयात्रा के दौरान हर मोड़ पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम दिखाई दिया


**अग्रवाल समाज ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत**



### साक्षरता दिवस का महत्व बताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर**। जीएमएस ग्रुप आफ फार्मेसी शकरपुर में साक्षरता दिवस जागरूकता कार्यक्रम हुआ। संस्थान के चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि आठ सितम्बर को यूनेस्को द्वारा 1966 में अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया गया था। निदेशक डा. हरीश कुमार ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ना, लिखना, सीखना भर नहीं है बल्कि जीवनभर सीखने व विवेकपूर्ण निर्णय लेकर का आधार है। साक्षरता के विषय में जानकारी देते कहा कि इसे समाज के समग्र विकास से जोड़ना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।



# अल्काराज ने जीता यूएस ओपन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल और शॉट-मेकिग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार जैनिक सिनर को हराकर पुरूष एकल का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब फिर से हासिल किया और विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गए है। इस जीत के साथ अल्काराज़ ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और उन्होंने इस साल की शुरुआत में विबलडन फाइनल में सिनर से

**● अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर फाइनल मुकाबले में जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1 व 6-4 से हराया**

मिली हार का बदला भी लिया। अल्काराज ने शुरुआती सेट 6-2 से जीत लिया, दोनों ओर से विजयी शॉट लगाए और सिनर की शुरुआती सर्विस ब्रेक कर लगातार दबाव में रखा।

हालांकि, इतालवी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, अपनी सर्विस में सुधार किया और अल्काराज के बैकहैंड को निशाना बनाकर मुकाबला 6-3 से बराबर कर दिया। तीसरा सेट में अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर 6-1 से जीत हासिल की। चौथे सेट में सिनर ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 चौथा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, अल्काराज़ नोवाक जोको. विच के बाद तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी फिटनेस, सामरिक बहुमुखी प्रतिभा और बड़े मंचों पर उभरने की क्षमता ने उन्हें पुरुष टेनिस में एक नए युग की शुरुआत में अग्रणी बना दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि सिनर के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता अगले दशक को परिभाषित कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे फेडरर, नडाल और जोकोविच के बीच हुए शानदार मुकाबलों ने किया था।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### धीमी ओवर गति के लिए द. अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई। दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं महेन्द्र धोनी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुमकिन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

# अनन्या, दिव्यांशी ने उत्तरी मैसेडोनिया में अंडर-15 युगल वर्ग में रोमांचक मुकाबले में जीता सोना

**● भारतीय जोड़ी उतार-चढ़ाव भरे मुकबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की की झाओं और लियू को 3-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन करऐ हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिग को 3-2 से हराया। चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था, और रियाना और एंजेलिका को अंततः कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत की पदक तालिका में पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने और इजाफा किया, जिन्होंने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो से सीधे गेमों (6-11, 7-11, 8-11) में हार गए, जबकि )त्विक को अपने खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेउंगसू से 8-11, 5-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबलों में भी उत्साह देखने को मिला, जिसमें पी-बी- अभिनंद ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में अभिनंद और सिड्रेला दास की जोड़ी ने, और अंडर-15 बॉयज डबल्स में ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत की जोड़ी ने पदक जीते।

# गुरदित बाल्कन ओपन में बने सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर

**नई दिल्ली, वार्ता।** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य गुरदित सिंह ने बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट) चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लिश ओपन में भी सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब जीता था। गुरदित ने जूनियर 110 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का पुरस्कार जीता, जबकि सुमित दास ने सीनियर 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जगदीश सिंह जस्सा ने सीनियर 100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 6-7 सितम्बर को बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित हुई बाल्कन ओपन पावरलिफ्टिग चैंपियनशिप में, भारत के गुरदित सिंह ने कुल 667-5 किलोग्राम (क्लासिक रॉ) भार उठाकर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर (जूनियर वर्ग) का खिताब जीता। सुमित दास और जगदीश सिंह जस्सा दोनों ने फुल पावरलिफ्टिग रॉ वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, ओम प्रकाश अंगरीश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र के साथ-साथ आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमें यह सफलता मिली।

# भारतीय महिला हॉकी टीम सिंगापुर को 12-0 से रौंदकर सुपर चार में

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिगापुर के खिलाफ 12-0 की शानदार जीत के साथ महिला एशिया कप 2025 के सुपर 4 में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारतीय महिला टीम के लिए नवनीत ने (14वें, 20वें, 28वें) और मुमताज ने (दूसरे, 32वें, 39वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई तथा नेहा ने (11वें, 38वें) मिनट में दो गोल किए। जबकि लालरेमसियामी ने (13वें), उदिता ने (29वें), शर्मिला ने (45वें) और रुतुजा पिसल ने (53वें) मिनट में गोल किए। भारत के लिए मुमताज दूसरे मिनट में ही गतिरोध तोड़ते हुए गोलकर दमदार शुरुआत की। नेहा ने 11वें मिनट में रिबाउंड पर शानदार गोलकर बढ़त दोगुना कर दी। दो मिनट बाद ही, लालरेमसियामी ने नजदीकी रेंज से एक

**● मुमताज ने तीसरी बाद टीम के लिए गोल दागा जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी**

और गोल करके बढ़त को 3-0 कर दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले नवनीत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में सिगापुर ने प्रतिरोध दिखाया, लेकिन नवनीत ने 20वें मिनट में एक और ज़बरदस्त गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार दबाव बनाते हुए लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को छकाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और 28वें मिनट में बढ़त को और मज़बूत किया। इसके तुरंत बाद, उदिता ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर संयमित तरीके से गोल करके हाफ टाइम तक भारत को 7-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पूरी तरह से नियंत्रण में थी। 32वें मिनट में, लालरेमसियामी ने मुमताज को एक तेज पास देकर स्कोर 8-0 कर दिया।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और नेहा ने 38वें मिनट में फिर से गोल दागा। कुछ मिनट बाद, मुमताज ने तीसरी बार गोल दागा, जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी। क्वार्टर के अंत में, भारत ने मुकाबले का अपना 12वां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। नेहा का ज़बरदस्त शॉट बचा लिया गया, लेकिन शर्मिला ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त 11-0 कर दी। अंतिम क्वार्टर में, भारत ने दबाव बनाए रखा और रुतुजा पिसल ने 53वें मिनट में एक बेहतरीन डिफ्लेक्शन के साथ स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

# हांगकांग ओपन में पीवी सिंधु की अगुवाई में भारतीय टीम उतरेगी

**● इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्लयूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन रहा**

**हांगकांग, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिधु मंगलवार से शुरू हो रहे हांगकांग ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त सिधु अपने पहले दौर के मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से मुकाबला करेंगी। महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में सिधु के साथ हमवतन अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी हैं, जबकि महिला युगल वर्ग में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं। सिधु के लिए, पिछले महीने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना, इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इंडियन ओपन में अपने प्रदर्शन के बाद सिधु बीडब्ल्यूएफ टूर पर चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं और तीन बार अंतिम 16 में पहुंची हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे।



लक्ष्य सेन का यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा है। पुरुष एकल वर्ग में उनके साथ हमवतन एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी होंगे, जो इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत हांगकांग ओपन में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड से करेंगे, जहां उनका सामना थारुण मन्नेपल्ली से होगा। दूसरी ओर, पुरुष युगल में भारत की चुनौती की अगुवाई सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी करेंगे। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में आखिरी बार एक्शन में नज़र आए सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पेरिस में सेमीफाइनल तक का सफर तय करके यह सुनिश्चित किया कि 2011 से हर संस्करण में कम से कम एक पदक जीतने का भारत का सिलसिला बरकरार रहे।

# महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित हुए सिराज

**● सिराज ने इंग्लैंड दौर पर प्रभावित किया था और 5वें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्महद सिराज को आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित किया था और पांचवें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था।

इस मैच के जीतने से ही भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रा कराने में सफल रही थी। सिराज के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी शामिल हैं। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह सीरीज अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों



टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रा करने में मदद की। आईसीसी ने कहा, मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। सीरीज के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दाएं हाथ के गेंदबाज ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए। हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई। सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर वनडे सीरीज में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस सीरीज में 10 विकेट लिए। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गई।

# अफगानिस्तान को हराकर पाक ने जीती त्रिकोणीय श्रृंखला



**शारजाह, वार्ता।** मोहम्मद नवाज (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने फाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लडखड़ाई और एक के बाद एक उसके विकेट गिरते चले गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की पूरी टीम 15-5 ओवर में 66 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। अफगानिस्तान के केवल दो बल्लेबाज कप्तान राशीद खान (17) और सेदिघुल्लाह अटल (13) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। नवाज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (नौ) को स्टंप आउट कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। नवाज पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में हैट्रिक बनाई। उनसे पहले फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन यह कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद और सुफियान मकीम को दो-दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर : हरमनप्रीत सिंह



**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर होगा। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी तरह से एकाग्र थे। हम जानते थे कि हमें यह मैच जीतना है और हमने खुद से कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का यही एकमात्र रास्ता है। आज एशिया की नंबर एक टीम के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हुए, हम अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते थे। हालांकि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक शुरुआत नहीं की, खासकर पिछले तीन मैचों में, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और यही हमारे प्रदर्शन का स्तर है। इसने हमें एक टीम के रूप में अपनी क्षमता का एहसास दिलाया। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। कोरिया के खिलाफ टीम के प्रदर्शन के बारे में दिग्गज ड्रैगफ्लिकर ने कहा, हहर मैच से कुछ न कुछ सीख मिलती है। कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ एक ऐसा झटका था जिससे हम उबरना चाहते थे और हमने फाइनल में इसे पलट दिया। मैं टीम की रक्षापंक्ति की खास तौर पर सराहना करूंगा। हर खिलाड़ी ने मजबूत डिफेंस में योगदान दिया। हमारे फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए और गोल में तब्दील किए। अब, हमारा ध्यान विश्व कप पर है और हमारे पास तैयारी के लिए एक साल है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि गर्म परिस्थितियों में 10 दिनों में सात मैच खेलना आसान नहीं है। यह वाकई मुश्किल है, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है और उन्होंने सचमुच चैंपियन की तरह खेला है।

## मनप्रीत ने एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित पंजाब के लोगों को समर्पित किया

**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया।

मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा कि मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है।

## राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर ने लहराया परचम

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में अलवर जिले के नीमराना में पांच से सात सितम्बर तक आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, चार सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। श्रीगंगानगर तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला ने सोमवार को बताया कि जिले के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पुरुष कंपाउंड टीम में पुलकित काजला, प्रबलप्रताप, यश नेण और जसमीतसिंह की चौकड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन राउंड इंडिविजुअल स्पर्धा में गुरजीतसिंह ने अपनी सटीक निशानेबाजी से रजत पदक हासिल किया। रिकर्व महिला इंडिविजुअल में अमनदीपकौर ने रजत जीता। वहीं रिकर्व मिक्स टीम में दिलीप रेगर और सुश्री अमनदीपकौर की जोड़ी ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 9 सितम्बर 2025

## नेपाल में विद्रोह

सोशल मीडिया को बैन करने और भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को नेपाल में हजारों युवाओं ने संसद भवन परिसर में घुसकर सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया। नेपाल सरकार ने तीन सितंबर को फेसबुक, इंस्टा, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स बैन करने का फैसला किया है। नेपाल युवाओं ने सरकार के इस फैसले को बोलने की आजादी छीनने के रूप में लिया। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

कहीं सेना ने गोलियां भी चलाई। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई, दो सौ से ज्यादा घायल बताए जाते हैं। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि प्रदर्शन अभी समाप्त नहीं हुआ। नेपाल के इतिहास में संसद में यह पहला मामला है। नेपाल में भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया गया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गया है। प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि विरोध को बढ़ता देख सरकार ने सांय सवा तीन बजे के बाद बिना वर्चअुल नेटवर्क इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया प्लेटफार्म चल रहे हैं। असल में नेपाल सरकार ने एससी के निर्देश के बाद सभी प्लेटफार्म को सात दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का आदेश दिया था, सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना यह प्लेटफार्म देश में फेक आईडी, हेट स्पीच, साइबर क्राइम के लिए प्रयोग हो रहे हैं। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन न कराने पर सरकार ने चार सितंबर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफार्म भी हैं।

हालांकि टिकटॉक फाइबर जैसे प्लेटफार्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने रजिस्ट्रेशन समय पर करा लिया था। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्कमल दहल प्रचंड ने सरकार से युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। वहीं नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ना बताया है। उनका कहना है कि बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी जो 28 से 30 वर्ष के हैं, संसद में घुसने के समय मौजूद थे। युवाओं का यह प्रदर्शन कई जिलों में फैला हुआ है। इससे साफ है कि यह मात्र कोई मामूली प्रदर्शन नहीं है, बल्कि सरकार के खिलाफ विद्रोह है। यह विद्रोह श्रीलंका, बांग्लादेश की याद दिला रहा है। वहां भी लोगों का आक्रोश इसी तरह देखने में आया था। कुछ जानकार यह भी मानते हैं कि नेपाल के विद्रोह के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। मौजूदा सरकार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन समर्थक बताए जाते हैं। जिसके चलते अमेरिका उनसे नाराज बताया जाता है और उस विद्रोह के पीछे अमेरिका को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे इसमें कोई नई बात भी नहीं है। हर विद्रोह के पीछे विदेशी शक्तियां अपना खेल तो खेलती ही हैं। भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## आदिवासियों के हितों की अन्देखी



ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है, प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा, पिछले ग्यारह वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं, इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है, ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है, यह दुनिया की सबसे अनोखी वनस्पतियों और जीवों में एक के लिए खतरा है।

**श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

# रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना!



**अशोक मधूप**

आज जगह-जगह रिश्तों का खून हो रहा है। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्याकर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है।

आज समाज का सबसे दुखद और चिंताजनक पहलू यह है कि जिन रिश्तों को सबसे पवित्र और मजबूत माना जाता है, वहीं रिश्ते टूट रहे हैं और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। समाचार पत्र और टीवी चैनल लगभग रोजाना ऐसी खबरें दिखाते हैं। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्या कर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है। व्यक्तिवाद ने समाज पर अपना अधिकार कर लिया।

इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर इंसान को इतना निर्दयी और क्रूर कौन बना रहा है? जिन संबंधों में विश्वास, अपनापन और प्रेम होना चाहिए, वहां नफरत, तनाव और हिंसा क्यों बढ़ रही है? लगता है कि भारतीय परिवार टूटने का असर यह हुआ है कि एकल परिवार अब अपने तक सीमित होने की जद्दोजहद में है। पहले संयुक्त परिवार होते है। सामूहिक चूल्हा होता था। सामूहिक खानपान था। हमारे बचपन तक खाना रसोई के पास जमीन पर बैठकर जीमा जाता था। परिवार के बुजुर्ग बच्चे साथ बैठकर भोजन करते थे। सब दुख-सुख के साथी थे। प्राय: जरूरत के सामान सब घर के आसपास मिल जाते थे। धीरे-धीरे परिवार की जरूरते बढ़ने लगीं। युवक रोजगार के लिए बाहर जाने लगे। धीरे-धीरे उनके साथ पत्नी और बच्चे नौकरी वाले स्थान पर रहने लगे। आज आदमी अपने तक सीमित होकर रह गया। व्यक्तिवाद हावी हो गया।

लगता है कि जैसे समाज ने सारे रिश्ते जंगल बनाकर रहेंगे। हम आदि व्यवस्था से भी आदम की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इन सब रिश्तों को दोबारा कैसे जिंदा किया जाए इस पर विचार करना होगा। पहले के समय में संयुक्त परिवार होते थे। परिवार के बुजुर्ग विवादों को संभालते, बच्चों को संस्कार देते और छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लेते। आज अधिकांश परिवार 'न्यूक्लियर फैमिली' यानी छोटे परिवार बन गए हैं। ऐसे में पति-पत्नी के झगड़े सुलझाने वाला कोई नहीं होता। माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ीगत संवाद टूट गया है। अकेलापन और अवसाद घर कर जाता है। जब संवाद टूटता है तो गलतफहमियां बढ़ती हैं और छोटी-सी बात हिंसा तक पहुंच जाती है।

पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और धैर्य सिखाने की परंपरा कमजोर हो चुकी है। सम्मान और सहनशीलता की जगह 'आत्मकेंद्रितता' बढ़ रही है। लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं। आपसी विश्वास और त्याग की भावना खत्म हो रही है। यही कारण है कि भाई-बहन, पति-पत्नी, मां-बेटे जैसे पवित्र रिश्ते भी हत्या जैसे अपराध तक पहुंच जाते हैं। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन की धारा को बदला है। युवा वर्ग आभासी Virtual दुनिया में ज्यादा जी रहा है। परिवार को समय न देकर 'फ्रस्ट्रेशन' (तनाव) में डूब जाता है।अपराध आधारित वेब सीरीज और हिंसक वीडियो गेम ने भी संवेदनाओं को कुंद कर दिया है। लोग वास्तविक जीवन में भी गुस्से और हिंसा को सामान्य मानने लगे हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या है। डिप्रेशन, तनाव और मनोविकृति से पीड़ित लोग अक्सर हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं। कई बार माता-पिता अवसाद में आकर अपने ही बच्चों की हत्या कर देते हैं। युवा अवसादग्रस्त होकर माता-पिता पर हमला कर बैठते हैं। मानसिक रोगों की पहचान और इलाज की व्यवस्था की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। परिवारों में संपत्ति विवाद हिंसा का बड़ा कारण है। भाई-भाई की हत्या कर देते हैं। बेटे-बेटियां मां-बाप की संपत्ति हथियाने के लिए उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। जमीन-जायदाद के झगड़े अक्सर खून-खराबे तक पहुंच जाते हैं। पारिवारिक हिंसा सिर्फ अपराध नहीं है, बल्कि समाज की चेतावनी भी है। यह हमें बताता है कि हम रिश्तों के मूल्य, संस्कारों और आपसी संवाद को खोते जा रहे हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो परिवार जैसी संस्था ही कमजोर हो जाएगी। हमें यह समझना होगा कि पैसा, आधुनिकता और तकनीक से ज्यादा महत्वपूर्ण मानवता, प्रेम और विश्वास है। यदि रिश्तों में करुणा, धैर्य और संवाद कायम रहेगा तो न बाप बेटी को मारेगा, न बेटी बाप को, न पति पत्नी पर हाथ उठाएगा और न ही भाई-बहन, मां-बाप, बेटे-बेटी हत्या तक पहुंचेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

# श्रद्धा से श्राद्ध तकः पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता

**इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है। पितृ दोष को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है।**



**योगेश कुमार गोयल**

भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक पितृ पक्ष हर साल प्राय: 15 दिनों का होता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितम्बर से हुई है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितृ पक्ष का समापन होगा। हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष को बहुत अहम माना गया है लेकिन इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीदारी, नए कपड़े खरी. दना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परि. जनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथों और धार्मिक परम्पराओं में पितृपक्ष के अलावा भी श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। धर्मसिंधु में तो श्राद्ध के लिए वर्षभर की सभी 12 अमावास्याओं, 4 पुणादि तिथियों, 14 मन्वादि तिथियों, 12 संक्रांतियों, 12 वैधृति योग, 12 व्यतिपात योग, 15 पितृपक्ष, 5 अष्टका, 5 अन्वष्टका और 5 पूर्वेद्यु अर्थात् 96 कालखंड का विवरण मिलता है किन्तु पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करने का महत्व सर्वाधिक माना गया है। पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष के दौरान उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है लेकिन पारंपरिक अवधारणाओं के अनुसार अगर किसी पितर की मृत्यु तिथि मालूम नहीं है तो उनका श्राद्ध अमावस्या के दिन किया जाता है, जिसे 'सर्व पितृ अमावस्या' भी कहा जाता है। जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उन सभी का श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परि. जनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब की बाढ़ त्रासदी, 2047 के सपने और 2025 का पानी-पानी



**वीरेश तरार**

देश आजादी के अमृतकाल में है और सत्ताधारी नेतृत्व सन 2047 तक विकसित भारत का सपना दिखा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। इस वर्ष उत्तर भारत ने वह त्रासदी देखी है जिसने विकास के तमाम दावों को बहा दिया और एक सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर पानी ही नियंत्रित नहीं किया जा सका, तो विकास की इमारत टिकेगी कैसे। पंजाब, जो देश की अन्न भंडार कहा जाता है, इस बार बाढ़ की विभीषिका में बुरी तरह टूट गया है। खेत खलिहान डूब गए, मवेशी बह गए, घर उजड़ गए और पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नौ सितम्बर को खुद पंजाब का दौरा कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस त्रासदी ने पंजाब की रीढ़ तोड़ दी है। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी है कि हम अपनी नदियों और बांधों की राजनीति के जाल में फंसे रहकर विकास का स्थाई मॉडल गढ़ नहीं सकते।

पंजाब में इस बार की बाढ़ ऐतिहासिक है। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में जब-जब यहां बाढ़ आई थी, तब भी नुकसान हुआ, लेकिन इस बार का नुकसान कहीं ज्यादा व्यापक और गहरा है। खेतों की खड़ी फसलें मिट्टी में समा गई, डेयरी और पशुपालन से जुड़े लाखों परिवार मवेशियों के मरने और चारे की कमी से तबाह हो गए। अनाज मंडियों में पहुंचने वाला उत्पादन लगभग आधा रह गया है और जो बचा है, उसमें भी नमी और सड़न का खतरा मंडरा रहा है। राहत सामग्री के ट्रक भले लगातार



गांव-गांव पहुंच रहे हों, लेकिन यह किसी भी स्थिति में स्थाई समाधान नहीं है। पंजाब आज केवल ट्रक भर-भर कर पहुंचाई जा रही राहत सामग्री पर निर्भर होने को मजबूर है। एक कृषि प्रधान राज्य जब राहत के पैकेटों पर जिंदा रहने लगे, तो यह विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना है।

पंजाब की त्रासदी का असर केवल स्थानीय नहीं रहेगा। यहां की गेहूं-धान उत्पादन प्रणाली पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा टिकी हुई है। अगर यह चक्र टूटता है तो आने वाले वर्षों में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि पंजाब का यह नुकसान सालों तक महसूस किया जाएगा। बाढ़ ने न केवल बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया है, बल्कि पंजाब के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को भी हिला दिया है।

बाढ़ का प्रकोप केवल पंजाब तक सीमित नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन से सैकड़ों गांव उजड़ गए। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के मार्ग अवरुद्ध हुए और हजारों तीर्थयात्री फंसे। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में भी नदियों ने कहर बरपाया। लेकिन जब सारी नदियां बिहार में मिलती हैं और ऊपर से नेपाल का अतिरिक्त पानी वहां उतरता है, तो स्वाभाविक है कि बिहार सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। बिहार की नदियों ने एक बार फिर लाखों लोगों को बेघर किया, खेतों को जलमग्न कर दिया और ग्रामीण जीवन को महीनों पीछे धकेल दिया। बिहार दरअसल पूरे उत्तर भारत की बाढ़ का अंतिम गंतव्य है। यहां जब-जब पानी बढ़ता है, तो यह केवल स्थानीय आपदा नहीं होती बल्कि पूरे उत्तरी क्षेत्र की अव्यवस्थित जल-नीति का परिणाम होती है।

यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या हमारी जल-नीति सही दिशा में है। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने एक नई बांध नीति बनाई थी, जिसके तहत पूरे देश के छोटे-बड़े बांधों का रख-रखाव और नियंत्रण केंद्र के हाथों में आ गया। राज्यों को केवल इसका खर्च वहन करना है। उद्देश्य था कि बाढ़ जैसी त्रासदियों से समय रहते चेतावनी मिल सके, तकनीकी खामियां दूर हों और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। लेकिन इस बार की त्रासदी ने दिखा दिया कि यह व्यवस्था भी कारगर साबित नहीं हुई। केंद्र की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी कि समय रहते राज्यों को चेताया जाता और समन्वय बैठकों के जरिए सामूहिक तैयारी की जाती। हरियाणा, जो स्वयं भाजपा शासित राज्य है, क्या उसने केंद्र के साथ ऐसी बैठकें कीं? उत्तर प्रदेश और बिहार में क्या जल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम उठाए गए? हिमाचल की त्रासदी के लिए कांग्रेस सरकार को दोष देने वाले क्या हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को इसी कसौटी पर नहीं कसना चाहिए? सवाल यह है कि जब बांध नीति केंद्र के अधीन है, तो क्या इस भारी जन और धन हानि की जवाबदेही भी केंद्र को नहीं लेनी चाहिए? राज्यों पर समन्वय न बैठाने का बहाना बनाना आखिर कितनी नैतिकता रखता है?

इसी क्रम में दूसरा बड़ा प्रश्न वृक्ष कटान का है। इस बार की बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने भी गंभीर संज्ञान लिया है। पहाड़ों में अंधाधुंध वृक्ष कटान पर प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में लकड़ी के लठे और पेड़ों के ठूंठ बाढ़ के साथ बहते हुए मैदानों में पहुंचे। यह साफ संकेत है कि या तो प्रतिबंध का पालन नहीं हुआ, या फिर संगठित रूप से नियमों की अनदेखी की गई। वृक्ष कटान से पहाड़ कमजोर हुए, मिट्टी का क्षरण बढ़ा और परिणामस्वरूप बारिश का पानी रोकने वाले प्राकृतिक अवरोध टूट गए। यही कारण है कि वर्षा की तीव्रता पहले से कहीं अधिक विनाशकारी साबित हुई। सवाल यह है कि जब सीमावर्ती पचास किलोमीटर क्षेत्र गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी में आता है और बांध विभाग भी केंद्र सरकार के अधीन है, तो इतने व्यापक पैमाने पर वृक्ष कटान कैसे संभव हुआ? क्या यह राज्यों की विफलता थी या केंद्र की लापरवाही? जवाबदेही तय होना ही चाहिए।

यह भी सोचने का समय है कि प्रकृति की चेतावनी को किस तरह लिया जाए। लगातार बदलते मौसम चक्र, ग्लेशियरों के पिघलने की गति और मानसून की अनिश्चितता ने संकेत दे दिए हैं कि आने वाले वर्षों में पानी का संकट और गहराएगा। एक ओर बाढ़, दूसरी ओर सूखाकृयही दो ध्रुवीय स्थितियां अब हमारे सामने बार-बार आती रहेंगी। ऐसे में जरूरी है कि जल प्रबंधन केवल इंजीनियरिंग का सवाल न रहे, बल्कि उसे पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक न्याय की .ष्टि से भी देखा जाए।

आज जब प्रधानमंत्री पंजाब का दौरा कर रहे हैं, तब यह केवल राहत पैकेज या मुआवजे की घोषणा का सवाल नहीं होना चाहिए। यह अवसर होना चाहिए कि हम राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और नीतिगत सुधार की चर्चा को केंद्र में लाएं। अगर हमने आज से तैयारी नहीं की, तो 2047 के विकसित भारत का सपना केवल नारों और भाषणों में रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 'X' ने कुरेदे 1965 की जंग के जख्म, कहा: पाक की हुई थी स्ट्रैटजिक हार

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे: 60 साल पहले हमारी सेना ने दुश्मन का हमला नाकाम किया

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के कम्युनिटी पोस्ट ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के 1965 भारत-पाक जंग से जुड़े दावों की पोल खोल दी। शहबाज ने एक्स पर लिखा कि 6 सितम्बर हमारे देश के लिए वीरता और एकता का प्रतीक है। साठ साल पहले 1965 में हमारी सेना ने जनता के साथ, दुश्मन के हमले को नाकाम किया और साबित किया कि पाकिस्तान एक मजबूत राष्ट्र है, जो अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। 1965 की वह अटूट भावना आज भी जीवित है। इस पर एक्स ने जवाब देते हुए लिखा: भारत और पाकिस्तान के बीच हुई 1965 का जंग पाकिस्तान के लिए एक स्ट्रैटजिक और पालिटिकल हार थी।

पाकिस्तान की कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाक को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था। पाकिस्तानी पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ हाल संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सेना और जनता एक मजबूत दीवार की तरह एकजुट होकर बाहरी हमलों के खिलाफ खड़े हुए हैं, हमने हर बार दुश्मन के घमंड को कुचला है। शहबाज भारत पर उकसाने

**पाकिस्तान के कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाकिस्तान को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था**

का आरोप लगाते हुए लिखा: पाकिस्तान शांति को बढ़ावा देता है। फिर भी, हमें भारत की लगातार उकसावे और बदलते क्षेत्रीय माहौल की हकीकत से अनजान नहीं रहना चाहिए। हम अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत और आधुनिक बनाना जारी रखेंगे। हमें पता है आतंकवाद और विद.ेशी गुर्गों से कैसे निपटना है। उन्होंने भारत आपरेटेड जम्मू और कश्मीर (आईओजेके) को लेकर कहा कि वहां के लोग लंबे समय से आतंकवाद को सहन कर रहे हैं। उनकी आजादी की लड़ाई को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 का युद्ध, जिसे सेकेंड कश्मीर वॉर के रूप में भी जाना जाता है। यह जंग जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ा गया, जो 1947 में दोनों देशों के बीच बंटवारे के बाद से तनाव का प्रमुख कारण रहा है। यह 1 अगस्त से 23 सितम्बर, 1965 तक चला।



### 1 कश्मीर विवाद:

1947-48 के पहले भारत-पाक युद्ध के बाद, कश्मीर का कुछ हिस्सा भारत के नियंत्रण में (जम्मू और कश्मीर) और कुछ हिस्सा पाकिस्तान के नियंत्रण में (आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान) रहा। दोनों देश पूरे क्षेत्र पर दावा करते रहे, जिसके कारण तनाव बना रहा।

### 2 ऑपरेशन जिब्राल्टर:

1965 में, पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजकर स्थानीय विद्रोह को भड़काने की कोशिश की, जिसे 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' कहा गया। इसका मकसद कश्मीर में भारत के खिलाफ विद्रोह को उकसाना था। हालांकि, यह योजना विफल रही, क्योंकि स्थानीय कश्मीरियों ने इसका समर्थन नहीं किया और भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिल गई।

### 3 ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम:

इसके बाद, पाकिस्तान ने कश्मीर के चंब-जौरियां क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य हमला शुरू किया, जिसके जवाब में भारत ने भी सैन्य कार्रवाई की। 1965 जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी शेरमन टैंक को नष्ट किया। अगस्त 1965 में, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों का पता चलने पर भारत ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। 5 अगस्त को, दोनों पक्षों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हुईं।

1 सितम्बर को, पाकिस्तान ने चंब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया, जिसमें टैंक और भारी हथियारों का उपयोग किया गया। इसका मकसद जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को काटना था। भारत ने 6 सितम्बर को पंजाब सीमा पर लाहौर की ओर जवाबी हमला शुरू किया, जिससे युद्ध पूरे पश्चिमी मोर्चे पर फैल गया। भारतीय सेना ने सियालकोट और लाहौर के पास कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश किया।



नई दिल्ली। आयोवा के गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# नॉर्थ कोरिया में अमेरिका के सीक्रेट मिशन का खुलासा

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में एक अमे.रिका की नेवी सील टीम ने 2019 में नॉर्थ कोरिया के तट पर एक खुफिया मिशन चलाया था।

इस मिशन का मकसद नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन की कम्युनिकेशन व्यवस्था की जासूसी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना था। यह मिशन असफल रहा और इसमें निहत्थे नॉर्थ कोरियाई लोग मारे गए। जनवरी 2019 की एक सर्द रात को अमे.रिकी नेवी सील की एक टीम चुपचाप एक पनडुब्बी से निकली और नॉर्थ कोरिया के एक चट्टानी तट की ओर बढ़ी। इस टीम में वही सैनिक थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन को मारा था। उनका लक्ष्य किम जोंग-उन की जासूसी करना था ताकि अमे.रिका को परमाणु बातचीत में

**■ जासूसी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना चाहते थे ट्रम्प, शुरू होते ही फेल हुआ**

मदद मिल सके। यह मिशन इतना खतरनाक था कि इसकी मंजूरी खुद तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दी थी। हालांकि, यह मिशन शुरू होते ही विफल हो गया। एसईएएल टीम ने कई महीनों तक बर्फीले पानी में इस मिशन की तैयारी की। टीम को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अमेरिकी पनडुब्बी से भेजा जाना था। सील टीम को लगा कि तट पर कोई नहीं है। वे गहरे पानी में, नाइट-विजन चश्मे पहनकर और गीले कपड़ों में पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी कैंसर वैक्सीन 'उपयोग के लिए तैयार'

**मास्को।** कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गई है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है। रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### हांगकांग में तूफान 'तापा' कमजोर पड़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेता.वनी के स्तर कम हो गई है। हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिए है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया।

### जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं। क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है।

# टैरिफ पर खुद अमेरिका में ही घिरे ट्रम्प

## टैरिफ पर सुप्रीम सुनवाई के बीच बोले ट्रम्प के मंत्री: विपरीत फैसले का पड़ेगा खजाने पर असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ पर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। अगर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, तो अमेरिकी सरकार को अब तक वसूले गए शुल्क का लगभग आधा हिस्सा वापस करना पड़ सकता है।

यह बयान खुद अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने दिया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला हमारे खिलाफ दिया, तो हमें लगभग आधे टैरिफ की वापसी करनी होगी। यह अमेरिकी खजाने के लिए बहुत बुरा होगा...लेकिन अगर कोर्ट कहता है, तो हमें करना ही पड़ेगा। बता दें कि



**ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए लगभग सभी प्रमुख व्यापा.रिक साझेदार देशों पर भारी टैरिफ लगाए। उन्होंने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोना.मिक पावर्स एक्ट के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर यह कदम उठाया। ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमे.रिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन अदालतों ने इस पर सवाल उठाए। मई 2025 में न्यूयार्क में मौजूद कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इन टैरिफ को अवैध करार दिया। 29 अगस्त 2025 को यूएस कोर्ट आफ अपील्स फार द फेडरल सर्किट ने 7.4 के फैसले में कहा कि टैरिफ लगाना कांग्रेस का अधिकार है, न कि राष्ट्रपति का। अदालत का कहना था कि ट्रम्प ने अपने संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया।

**आंकड़े सचेत कर रहे...**

**अमेरिकी खजाना:** अगर फैसला ट्रम्प के खिलाफ हुआ, तो सरकार को सैकड़ों अरब डालर वापस लौटाने होंगे, जिससे खजाना पर भारी दबाव पड़ेगा।

**अमेरिकी कंपनियां:** जो कंपनियां टैरिफ के कारण नुकसान झेल रही थीं, उन्हें राहत मिलेगी।

**वैश्विक व्यापार:** ट्रम्प के टैरिफ खत्म होने से दुनिया भर के व्यापारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, खासकर चीन, यूरोप और भारत जैसे देशों के साथ।

**राजनीतिक प्रभाव:** यह मामला ट्रम्प के 2024 चुनावी वादों और उनकी आर्थिक नीतियों की विश्वसनीयता को सीधे चुनौती देगा।

### रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति यूएस ओपन फाइनल में हूटिंग के शिकार

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएस ओपन में शामिल हुए। फाइनल मैच से पहले कुछ देर के लिए एक लग्जरी बाक्स से हाथ हिलाते नजर आए। इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

कहीं, तालियां बजाई गईं, कहीं उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम उस समय तक पूरी तरह भरा नहीं था और ट्रम्प का अभिवादन भी न तो पहले से घोषित था और न ही बहुत देर तक चला। नतीजतन, कुछ लोग इसे देख भी नहीं पाए। ट्रम्प इस बार रोलेक्स के मेहमान के तौर पर आए थे, जबकि उनके प्रशासन ने हाल ही में स्विटजरलैंड से आने वाले उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है। आयोजक

**■ इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली**

टीवी प्रसारण पर उनकी हूटिंग को रोकने की कोशिश कर रहे थे। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं को मुख्य रूप से खेल आयोजनों तक ही सीमित रखे हुए हैं। वे पहले की तरह बड़ी चुनावी रैलियों की बजाय अब खेल मुकाबलों में दर्शकदीर्घा में नजर आते हैं। ट्रम्प की मौजूदगी के कारण सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई और पुरुष फाइनल का समय आधे घंटे पीछे खिसकाना पड़ा। इसका मतलब यह हुआ कि स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज और इटली के 24 वर्षीय डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर के बीच मुकाबला देरी से शुरू हुआ।

# यूक्रेनी पीएम के ऑफिस पर रूस का हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर रविवार को अब तक का सबसे बड़ा हवाई और ड्रोन हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी भवन में हमले के बाद आग लग गई। इसी भवन में यूक्रेनी पीएम ऑफिस सहित कई महत्वपूर्ण ऑफिस हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश भर में हुए हमलों में चार लोग मारे गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव में मुख्य सरकारी इमारत को निशाना बनाया। यह साढ़े तीन साल की जंग में पहली बार हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 805 ईरान-निर्मित शाहेद ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए। साथ ही 17 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। पलटवार करते हुए

**■ 805 ड्रोन और 17 मिसाइलें दागीं, चार लोगों की मौत, जवाब में यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन उड़ाई**

यूक्रेन ने रूस के दुझबा पाइपला.इन पर ड्रोन हमला किया। जिससे रूस से हंगरी और स्लोवाकिया को तेल सप्लाई होता है। दमकलकर्मियों ने इमारत पर लगी आग को बुझाया और बचाव दल ने इमारत में लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसे समय में जब बातचीत बहुत पहले शुरू हो सकती थी, हत्याएं जानबूझकर किया गया अपराध है। यह युद्ध को लम्बा खींचने का प्रयास है। उन्होंने हमलों को रोकने के लिए दुनिया से मदद मांगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले किये हैं, जिससे हथियारों और सैन्य उपकरणों के गोदामों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 15 अगस्त को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अलास्का में हुई मुलाकात के बाद रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों को टारगेट कर रहा है तो रूस आम यूक्रेनियों को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी पीएम यूलिया स्वायरडेंको ने रूस के इस हमले का जवाब देने के लिए और हथियारों की मांग की और वैश्विक समुदाय से अपील की कि वे रूसी हमलों के खिलाफ प्रतिक्रिया दें।

# गाजा में इजरायली सेना का हमला, 50 की मौत

## 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट किया, 100 अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार मारे गए लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से जयादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं। बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया। इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊंची इमारत पर हमला किया। इसका इस्तेमाल हमास ने किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियां स्थापित की थीं। आईडीएफ हालांकि इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया।



**■ स्वतंत्र फलस्तीनी समिति के गठन के बदले बंधकों की रिहाई पर चर्चा को हमास तैयार**

वहीं, हमास ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि जिन ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, वे आवासीय इमारतें थीं। जैसे-जैसे इज़राइली सेना गाजा शहर में अपने अभियान पर आगे बढ़ रही थी, स्थानीय निवासी विस्थापित हो रहे हैं। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि गाजा में हज़ारों लोग एक बार फिर अपने घरों से विस्थापित हो रहे हैं। लगातार हमलों के कारण लोगों के घर उजड़ गए हैं और लोग छोटे, असुरक्षित इलाकों में सिमट गए हैं। एजेंसी ने कहा कि इमारतों, स्कूलों, आश्रयों और अस्पतालों के नष्ट हो जाने से भोजन, स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक आपूर्ति तक लोगों की पहुंच बेहद सीमित हो गई है। कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है, कोई भी सुरक्षित नहीं है।

# पाक में मंत्रियों समेत हजारों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम, काल लाग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की




**संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही, मोबाइल सिम कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र व विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल**

शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है। डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है।

पाकिस्तान के गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्ईय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।

# यरुशलम में बंदूकधारियों की गोलीबारी, पांच मरे, 15 घायल

**यरुशलम।** उत्तरी यरुशलम में सोमवार को एक बस स्टॉप पर दो हमलावरों की अंधाधुंध गोल.ीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और 15 अन्य जख्मी हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है। सीएनएन ने बताया कि एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमला होने के तुरंत बाद हमलावरों को गोली मार दी, जिससे हमला रुक गया। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। हमले के वीडियो फुटेज में सुबह के समय व्यस्त चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से दर्जनों लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे चिकित्सा दल ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था और कई जगह कांच बिखरा हुआ था। घायल और बेहोश लोग सड़क तथा बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108